* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 234

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को इडी ने 21 को बुलाया




शिबू सोरेन जिन्दाबाद

झामुमो जिन्दाबाद

हेमंत सोरेन जिन्दाबाद





## मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का डेढ़ साल बेमिसाल

### गढ़वा में आज होगा ऐतिहासिक एवं भव्य शिलान्यास कार्यक्रम

- तीन वर्ष के कार्यकाल में से डेढ़ वर्ष कोरोना काल में समाप्त।
- शेष बचे डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में हुआ चौतरफा विकास। चार सौ करोड़ की लागत से 400 योजनाएं धरातल पर उतरेगी।
- माननीय मंत्री के अथक प्रयास से इन योजनाओं का हुआ काम।
- इस ऐतिहासिक शिलान्यास के लिए माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का आभार।



**मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
झारखंड सरकार
-सह- विधायक गढ़वा-रंका विधानसभा

### उपलब्धियां

- गढ़वा को नेशनल ग्रिड लहलहे से जुड़वाकर जिले में 20 से 22 घंटा निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बहाल कराया।
- केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से मिलकर गढ़वा में बाइपास सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया।
- विधायक निधि की 12 करोड़ रूपए की राशि से गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत और गांव में समानुपातिक रूप से पीसीसी सड़क, चबूतरा, नाली और चौपाल का निर्माण कराया।
- अतिउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चफला तहले होते हुए चिनियां कदवा मोड़ तक सौ करोड़ की लागत से (साज) स्टेट हाइवा सड़क का निर्माण कराया।
- 80 करोड़ की लागत से रंका-रमकंडा पीडब्लूडी सड़क का निर्माण कराया।
  हुर मोड़ से गोवावल क्षेत्र होते हुए माया डंडा से पलामू सिवाना तक सड़क का निर्माण कार्य कराया।
- मतौली मोड़ से पलामू सिवाना तक 75 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण।
- गढ़वा से चिनियां पीडब्लूडी सड़क के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू।
- गढ़वा शहर में करीब आठ करोड़ की लागत से नीलाम्बर-पीताम्बर बहुउद्देशीय भवन का निर्माण।
- कल्याणपुर में 60 करोड़ की लागत से नया समाहरणालय भवन।
- सदर प्रखंड के प्रतापपुर में साढ़े 14 करोड़ की लागत से अल्पसंख्यक छात्रावास भवन।
- रंका में 12 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का भवन।
- मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा में साढ़े 13 करोड़ की लागत से पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय का निर्माण।
- गढ़वा बस स्टैंड का चार करोड़ की लागत से सुंदरीकरण का कार्य।
- चिनियां के खुरी में कनहर नदी पर दस करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण।
- रमकंडा के चेटे में चार करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण।
- रमकंडा के उदयपुर के ललेहा में तीन करोड़ की लागत से पुल का निर्माण।
- हरहे के घाटू नदी पर चार करोड़ की लागत से पुल का निर्माण।
- रंका-रमकंडा के बबनदाहा नदी पर चार करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण।
- 35 करोड़ की लागत से रंका, रमकंडा, चिनियां और मेराल प्रखंड कार्यालय में स्टॉप क्वार्टर का निर्माण।
- चिनियां में दस करोड़ की लागत से अस्पताल भवन।
- जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में 24 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना।
- इसमें पारा मेडिकल स्टॉफ क्वार्टर का भी कराया गया निर्माण।
- कल्याणपुर में 15 करोड़ की लागत से बिरसा मुंडा पार्क सह हेलीपैड का निर्माण।
- बालिका मीडिल स्कूल के मैदान में साढ़े छह करोड़ की लागत से फुटबॉल स्टैडियम का निर्माण।
- कल्याणपुर में समाहरणालय भवन के पीछे डेढ़ करोड़ की लागत से सहकारिता भवन का निर्माण।
- क्षेत्र में आरइओ, एनआरईपी और पीडब्लूडी विभाग से 12 सौ किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया। साथ ही विभिन्न जगहों पर पुल-पुलिया का निर्माण कराया।
- शिक्षा के क्षेत्र में 15 करोड़ रूपए की लागत से जिला मुख्यालय के बालिका हाई स्कूल, आदिवासी छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल और रामासाहू हाई स्कूल का भवन निर्माण।
- 12 सौ करोड़ रूपए की लागत से सोन-कनहर पाइप लाइन योजना का निर्माण कार्य जारी।
- 70 करोड़ रूपए की लागत से नामधारी कॉलेज से चामा, महुलिया होते हुए अंबिकापुर मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य जारी।
- 1221 करोड़ की लागत से सोन कनहर पाइप-लाईन सिचाई योजना का निर्माण।
- 73 करोड़ रूपए की लागत से शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य।
- 1237 करोड़ की लागत से ग्रामीण जलापूर्ति की 29 योजनाएं का हो रहा हैं निर्माण कार्य।

**मंत्री ने निजी कोष से इन योजनाओं पर कराया है काम**

- रंका मोड़ पर घंटाघर का निर्माण।
- खोनहरनाथ मंदिर का तोरणद्वार।
- जिला मुख्यालय समेत कई स्थानों पर छठघाट का निर्माण।
- गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के कई जगहों पर मंदिर, मस्जिद और ईदगाह के निर्माण कार्य में सहयोग।
- गरीब और असहाय लड़कियों की शादी में सहयोग।
- जिले के लोगों का रिम्स में बेहतर ईलाज के लिए रिम्स में निजी सहायक को किया गया हैं प्रतिनियुक्त। ताकि लोगों को ईलाज में कठिनाई नहीं हो।
- गढ़वा जिले में 15 करोड़ की लागत से सरकारी महिला महाविद्यालय का निर्माण।
- जिला मुख्यालय में 50 करोड़ की लागत से 100 बेड का सदर अस्पताल का निर्माण।
- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी 73 पंचायत के सैकड़ों गांवों में पुल-पुलिया बना कर सीधा मुख्यालय से जोड़ने का कार्य किया।
- 10 करोड़ की लागत से रंका में अस्पताल का निर्माण।

**कार्यक्रम स्थल : डुमरो (बाईपास रोड), नारायणपुर**
**दिनांक 14 जून 2023, दिन बुधवार, समय : 11 बजे से**



**तनवीर आलम**
जिलाध्यक्ष, झामुमो, गढ़वा



**नीतेश कुमार सिंह**
जिला उपाध्यक्ष, बीस सूत्री, गढ़वा जिला

**निवेदक : झामुमो जिला कमेटी, गढ़वा**

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# बिहार समेत ये राज्य भाजपा को दे रहे हैं चेतावनी के संकेत

## ■ मिशन 2024 को पूरा करने में लगी पार्टी को बनानी होगी ठोस रणनीति

## ■ झारखंड और बंगाल की राजनीतिक स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है

## ■ इन राज्यों में भाजपा का बेड़ा पार नहीं लगा सकता अयोध्या और विंध्याचल का मुद्दा

**आजाद सिपाही विशेष**

**2024 में होनेवाले संसदीय तैयारियों के क्रम में अब इस सवाल पर गौर किया जाने लगा है कि किस पार्टी की क्या संभावनाएं हो सकती हैं। जाहिर है कि इस सवाल का जवाब तलाशने के क्रम में पिछले दो चुनावों में ऐतिहासिक कामयाबी हासिल करनेवाली भारतीय जनता पार्टी की संभावनाओं का आकलन सबसे पहले किया जा रहा है। अब यदि भाजपा की संभावनाओं पर गौर किया जाये, तो एक बात साफ हो जाती है कि भले ही पीएम मोदी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हों और उनके नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा हो, घरेलू राजनीतिक परिस्थितियां भाजपा के लिए बहुत अनुकूल नहीं दिख रही हैं। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हारने के बाद से दक्षिण भारत का दरवाजा पार्टी के लिए लगभग बंद सा हो गया है, तो अब पार्टी उत्तर भारत पर तवज्जो दे रही है। लेकिन बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के साथ महाराष्ट्र की तेजी से बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा 2024 के चुनाव तक कितना सफर तय कर सकेगी, मंथन इसी बात पर चल रहा है। इसके अलावा इस साल के अंत में जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं कही जा रही है। ऐसे में पार्टी के लिए 2024 का सफर बेहद मुश्किल भरा होनेवाला है, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। भाजपा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पहले ही चेतावनी की घंटी बजा दी है और अब राज्यों की तेजी से बदल रहीं परिस्थितियां उसकी पेशानी पर बल डाल रही हैं। ऐसे में क्या है देश की सियासी तस्वीर और भाजपा उसमें अपना रंग किस हद तक भर सकती है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने नौ वर्ष पूरे कर लिये हैं और अब वह लगातार तीसरी बार इस पद को हासिल करने की कोशिशों में जुट गये हैं। इन नौ सालों में देश ने और पीएम के रूप में मोदी ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे। दुनिया में एक अलग छाप छोड़ने में वह कामयाब रहे। पार्टी के रूप में जो तरक्की भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में देखी, वह बहुत जबरदस्त रही, लेकिन आंकड़ों की दृष्टि से भाजपा अब उतार की ओर जाती हुई दिखायी दे रही है। यह भी कहा जा सकता है कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में साल 2019 का रिजल्ट दोहराना भाजपा नेतृत्व के लिए किसी बड़ी और तगड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।

यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद भाजपा का विकास बहुत तेजी से हुआ। फिर अगले पांच साल में गिरावट आयी। हालांकि, तरक्की की रफ्तार तेज थी और गिरने की रफ्तार धीमी है। पर गिरावट आयी है। कोई व्यक्ति या संगठन इससे इनकार कर सकता है, लेकिन आंकड़े और राजनीतिक परिस्थितियां गवाही दे रही हैं कि भाजपा की तरक्की की राह में रोड़े आ गिरे हैं।

### क्या नहीं खुलेंगे दक्षिण के दरवाजे!

कर्नाटक में पराजय के बाद संकेत यह भी हैं कि जब तक दक्षिणी राज्यों के दरवाजे भाजपा के लिए नहीं खुलेंगे, यह मुश्किल बनी रहेगी। हालांकि नयी संसद में बैठने की व्यवस्था यह बता रही है कि साल 2029 का चुनाव नये परिसीमन के हिसाब से होगा और तब भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा प्रभाव वाले इलाकों में संसदीय सीटें बढ़ चुकी होंगी। तमाम विपरीत हालातों के बावजूद भाजपा के सामने साल 2024 के चुनाव में कोई बड़ा संकट नहीं है। लेकिन मौजूदा हालात में 2019 को दोहराना चुनौती है। तीन राज्यों, बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हैं। झारखंड की परिस्थितियां भी तेजी से बदली हैं। यहां भी भाजपा के पक्ष में अब 2019 वाली स्थिति नहीं है।

### ऐसे बढ़ता रहा भाजपा का कारवां

26 मई, 2014 को नरेंद्र मोदी ने जब पहली बार पीएम के रूप में शपथ ली थी, तब राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा में भारतीय जनता पार्टी राज कर रही थी। पंजाब और आंध्रप्रदेश की सत्ता में वह साझीदार थी। कहने की जरूरत नहीं कि साल 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को सबसे ज्यादा 282 सीटों पर विजय मिली थी।

समय आगे बढ़ा। धीरे-धीरे पीएम के रूप में मोदी का प्रभाव बढ़ता गया। इसका फायदा भाजपा को भी लगातार मिला। साल 2019 लोकसभा चुनाव के ठीक एक साल पहले हालत यह बनी कि भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत और सत्ता में साझीदार होते हुए भाजपा की 21 राज्यों में सरकार थी। चार साल में सीधे तीन गुना राज्यों में भाजपा का सरकार के रूप में विस्तार हुआ। उस समय देश के नक्शे में दूसरे दलों की सरकार तलाशने की स्थिति बनी हुई थी। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने फिर मोदी के चेहरे और केंद्र सरकार के काम पर चुनाव लड़ा और रिजल्ट आने पर भाजपा को अब तक की सर्वाधिक 303 सीटें मिल चुकी थीं। मोदी जी ने पीएम के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर शपथ ली।



### क्या है 2024 की तस्वीर

अब ठीक एक साल बाद फिर आम चुनाव है, लेकिन राज्यों में भाजपा की तस्वीर उलट गयी है। कई जगह भाजपा सरकार में नहीं है, जहां वह 2018 में थी। हालांकि, समर्थक कहते हैं कि चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। कोई जीतता है, तो किसी को हारना होता है। पर आंकड़े एक नयी कहानी कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। साल 2018 के बाद राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। आज सिर्फ 14 राज्य ऐसे हैं, जहां भाजपा पूर्ण बहुमत में या सरकार में साझीदार है। यानी पहले कार्यकाल के शुरुआती चार साल की यात्रा में राज्यों का गणित सात राज्य से जहां 21 तक पहुंच गया था, वहीं दूसरे कार्यकाल के चार साल या यूं भी कहें कि बीते पांच साल में एक तिहाई राज्य भाजपा के हाथ से खिसक गये हैं।

### तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश चुनौती

दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना अभी भी भाजपा के लिए चुनौती बने हुए हैं, तो कर्नाटक में भाजपा की सरकार हाल ही में चली गयी। इन राज्यों में संख्या के हिसाब से एमएलए बमुश्किल 10 फीसदी बचे हैं। दक्षिण भारत से कुल 130 सांसद चुन कर आते हैं। इसमें 29 भाजपा से हैं और बाकी दूसरे दलों से चुन कर आये हैं। ये 29 भी सिर्फ दो राज्यों, कर्नाटक से 25 और तेलंगाना से चार हैं। केरल, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु से भाजपा का कोई सांसद नहीं है। ऐसे में आज दक्षिण भारत भाजपा की सबसे बड़ी चिंता है। इसके बाद पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, झारखंड, बिहार, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में अब भाजपा की सरकार नहीं है। पूर्वोत्तर में असम, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार है। मध्यप्रदेश और गुजरात में भाजपा की सरकार है। महाराष्ट्र में शिंदे गुट को भाजपा ने समर्थन दिया है। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में भी भाजपा की सरकार है।

### 2024 का चुनाव बड़ी चुनौती

अब भाजपा के सामने साल 2024 के चुनाव में तगड़ी चुनौती यह है कि जिन 303 लोकसभा सीटों के साथ अपने सर्वोच्च प्रदर्शन पर पिछले चुनाव में पहुंची थी, उसमें उसने दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, त्रिपुरा, उत्तराखंड, हरियाणा की सभी सीटें जीत ली थीं। मध्यप्रदेश में 28, कर्नाटक में 25, यूपी में 64, छत्तीसगढ़ में नौ, बिहार-महाराष्ट्र में बने गठबंधन की वजह से 80 सीटें मिली थीं। पार्टी की चिंता यह है कि नये इलाकों में विस्तार हुआ नहीं और पुराने में जहां सर्वोच्च संख्या मिल चुकी है, वह सब फिर से जीत लेंगे, यह भरोसा पार्टी को भी नहीं है। ऐसे में 2019 दोहराने के लिए जरूरी है कि भाजपा को नये क्षेत्र में स्थान मिले। बिहार में जो सीटें मिली थीं, वे जदयू के साथ मिल कर लड़ने के बाद मिली थीं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके पास अब अपना नेता तक नहीं है। टीएमसी या कांग्रेस से आयातित नेता ही उसकी गाड़ी खींच रहे हैं।

### महाराष्ट्र में क्या गुल खिलायेगा गठबंधन

महाराष्ट्र में भी पुराना गठबंधन है नहीं और जो नया गठबंधन बना हुआ है, क्या गुल खिलायेगा, किसी को पता नहीं है। वैसे भी सत्ता में नहीं रहने के बावजूद उद्धव ठाकरे का जो व्यक्तित्व है, वह शिंदे का नहीं है। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने चैलेंज तगड़ा है। यद्यपि वे लड़ाका हैं। अंतिम क्षण तक कोशिश करेंगे, पर चिंता की बात है। अब देखना यह होगा कि इस साल राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव परिणाम किस करवट बैठते हैं। अगर मध्यप्रदेश में भाजपा फिर आती है, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में उसकी सरकार बनती है, तो उसे नये सिरे से ऊर्जा तो मिलेगी, लेकिन सवाल फिर भी शेष रहेगा, क्योंकि इन सभी चुनावी राज्यों में भाजपा के पास लोकसभा में ज्यादातर सीटें हैं।

---

# झारखंड को बिचौलियों ने किया बदनाम: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। एक के बाद एक किये गये तीन ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने हेमंत के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, दूसरे राज्यों में झारखंड की बन रही छवि और झारखंड में शराब में हुए घोटाले को लेकर निशाना साधा है।

### पीके मिश्रा का बेहतर इलाज कराइये

हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की खराब होती तबीयत पर हेमंत सोरेन से बेहतर इलाज कराने की अपील की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा, खबर आ रही है कि साहिबगंज में लगभग 1000 करोड़ के खनन घोटाले के प्रमुख आरोपी पंकज मिश्रा, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि भी हैं, की तबीयत ज्यादा खराब है। कैदी के रूप में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध है कि आप यूज एंड थ्रो मत करिये। पंकज को यूं ही उसके हाल पर भगवान भरोसे मत छोड़िये।



### खराब हो रही है झारखंड की छवि

बाबूलाल मरांडी ने दूसरे राज्यों में बन रही झारखंड की छवि की चर्चा करते हुए ट्वीट किया: पिछले दिनों जब मैं मध्यप्रदेश के दौरे पर था, तब कई बार लोगों के झारखंड के संदर्भ में पूछे गये प्रश्नों पर असहज हो गया। पत्रकार बंधुओं के साथ-साथ आम लोग भी जब मिल रहे थे, तो उनका एक ही प्रश्न था, झारखंड में क्या हो रहा है? हेमंत सोरेन भी इस महालूट में शामिल हैं क्या? उनकी भी गिरफ्तारी होगी? मैं उनसे इतना ही कहता था कि झारखंड को लुटेरों ने लूटा है, लेकिन सबका हिसाब हो रहा है। कुछ का बाकी है, जो आनेवाले दिनों में होगा। एक झारखंडी होने के नाते मन बहुत तकलीफ से भर जाता है कि देश में हमारे राज्य की छवि को कुछ बेईमान अफसरों, दलालों और बिचौलियों के गिरोह ने बदनाम कर दिया है। बाहर हम प्राकृतिक संसाधन संपन्नता, प्राकृतिक सुंदरता और परिश्रमी राज्य के रूप में नहीं, बल्कि पूजा सिंघल, बीरेंद्र राम, छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा और अमित अग्रवाल जैसे लुटेरे अधिकारियों-बिचौलियों के कारनामे के कारण पहचाने जा रहे हैं।

### जांच एजेंसियों के हाथ बड़े लंबे हैं

बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की शराब नीति पर भी निशाना साधा है। ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा, मेरे गृह ज़िले गिरिडीह में शराब कंपनी और सेल्समैन की साठगांठ से करोड़ों रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आया है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें भी उसी छत्तीसगढ़ी कंपनी की संलिप्तता सामने आयी है, जो वहां जांच की आंच में फंस चुकी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने शराब नीति के नाम पर घोटाले का ऐसा जाल बुना कि इसमें झारखंड को भी फंसा लिया। राजस्व की हो रही भारी क्षति की जिम्मेदारी कौन लेगा? हां, जांच एजेंसियों के हाथ बड़े गले तक भी जायेंगे, तय मानिये। बस इंतजार करिये और आगे-आगे देखते जाइये।

---

झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# सात साल से क्यों लंबित है जेटेट परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दायर एक याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा है कि साल 2016 के बाद से अब तक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा क्यों नहीं हुई है। अदालत ने राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल कर जवाब देने को कहा है।

### 20 को होगी सुनवाई

जेटेट से संबंधित याचिका झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर की गयी है। संघ की ओर से सूरज बिहारी मंडल और अन्य ने रिट याचिका दाखिल की है। मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने 20 जून को अगली सुनवाई की तारीख रखी है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुशल कुमार और विशाल कुमार ने पैरवी की।

### क्या है दायर याचिका में

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका में अदालत से यह गुहार लगायी गयी है कि वह राज्य सरकार को जल्द से जल्द टेट लेने का आदेश दे। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि बीते 7 वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हुई है।

### चार लाख छात्र नियुक्ति से हो जायेंगे वंचित

दायर याचिका के माध्यम से प्रार्थियों ने कोर्ट को बताया है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 के बाद से बिना जेटेट लिये शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। ऐसा होने से करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से से वंचित हो जायेंगे। झारखंड में पिछले 12 वर्ष में मात्र दो बार जेटेट की परीक्षा हुई।

---

# बीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने इडी कोर्ट से मांगी अग्रिम जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत अर्जी इडी कोर्ट में दाखिल की है। बीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। फिलहाल दोनों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के इडी के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में बीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल था, जिसके बाद कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया है।

### 22 फरवरी को इडी ने इंजीनियर वीरेंद्र राम को किया था गिरफ्तार

बता दें कि इडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर बीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इडी नेलगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में इडी बीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

---

# लोगों को आतंकित करने के लिए की गयी थी नरेश भोक्ता की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की जांच में खुलासा हुआ है कि लोगों को आतंकित करने के उद्देश्य से नरेश सिंह भोक्ता की हत्या की गयी थी। इस साजिश में भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडरों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ है। नरेश सिंह भोक्ता की हत्या में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद कर लिए गये हैं।

### एनआइए जांच में खुलासा

**तीन नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल :** नरेश भोक्ता हत्याकांड मामले में एनआइए ने चार्जशीट दाखिल की है। एनआइए ने विनय यादव, नवल और जिलेबिया यादव के खिलाफ आइपीसी और यूए (पी) अधिनियम 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत चार्जशीट दायर की है। बता दें कि एनआइए द्वारा मामले में झारखंड और बिहार में सात ठिकानों पर तलाशी ली गयी थी। इस मामले में अब तक नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

www.epaper.azadsipahi.in

14 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 234

बंगाल में ओबीसी का आरक्षण छीन देशद्रोही ताकतों को दिया जा रहा बढ़ावा : नड्डा






## केंद्र सरकार का आठ महीने में छठा रोजगार मेला

# हमने नौकरी से खत्म किया भाई-भतीजावाद : नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने 70 हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, टीएमसी और राष्ट्रीय जनता दल सहित तमाम विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा है। उन्होंने बिना नाम लिये कहा कि वंशवादी दल भाई-भतीजावाद की राजनीति करते हैं और भ्रष्टाचार की राजनीति में लिप्त हैं। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। केंद्र सरकार का यह आठ महीने में छठा रोजगार मेला था। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में लगभग 70 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किये। अब तक 4.33 लाख युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज नौकरी भाई-भतीजावाद की राजनीति से मुक्त हो गयी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ वंशवादी पार्टियां हैं, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, युवाओं की लूट में लिप्त हैं। उनका तरीका है 'रेट कार्ड', जबकि हम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की रक्षा के लिए काम करते हैं। रेट कार्ड आपके सपनों को नष्ट कर देते हैं। जबकि हम सपनों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। देश तय करेगा कि युवाओं का भविष्य रेट कार्ड से चलेगा या सेफगार्ड से।

मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुए शिक्षक भर्ती घोटाले और रेलवे में जमीन के बदले नौकरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि घोटाला और जनता के पैसे का दुरुपयोग पहले के शासन की पहचान थी। जबकि आज, भारत अपनी राजनीतिक स्थिरता, एक निर्णायक सरकार वाले देश के रूप में पहचाना जाता है। आज भारत सरकार को उसके प्रगतिशील आर्थिक और सामाजिक फैसलों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक एजेंसियां ईज ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में काम को स्वीकार कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा रोजगार सृजन के लिए शुरू किये गये विभिन्न कदमों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में जिन युवाओं को नौकरी मिली है, अगले 25 साल में इन लोगों को विकसित भारत के सपने को साकार करना है।




## रांची में 151 लोगों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की राजधानी रांची में रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुड़े। यहां जनजातीय कार्य मंत्रालय के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राज्य के 151 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये। इन युवाओं की नियुक्ति वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग तथा गृह मंत्रालय आदि विभिन्न विभागों में हुई है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह और समरी लाल, आर्थिक सलाहकार सुधीर श्याम, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के महाप्रबंधक मनोज कुमार, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह, बैंक ऑफ इंडिया, रांची अंचल के संजीव कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।**

## वृंदावन में प्रेम मंदिर के गोदाम में लगी भीषण आग

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में प्रेम मंदिर के गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार एक किलोमीटर दूर तक देखा जा रहा था। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गयीं। आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आग शाम के समय लगी। गोदाम से आग की लपटों को उठता देख मौजूद कर्मचारियों के होश उड़ गये। फायर विभाग को सूचना देने के साथ ही आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिये गये, लेकिन आग तेजी से बढ़ती ही जा रही थी। सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गयीं। दमकल कर्मियों ने आग बुझायी।

## भूमि घोटाला : इडी ने भेजा समन, होगी पूछताछ

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को इडी ने 21 को बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन घोटाला मामले में एक बार फिर व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को समन भेजा है। उन्हें 21 जून को हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले इडी ने आठ मई को अग्रवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था। वह इडी कार्यालय पहुंचे भी थे और हाल में ऑपरेशन होने की बात कही थी। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। अग्रवाल ने इडी अधिकारियों को स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी कागजात दिखाये थे। इडी ने उनसे बिना पूछताछ किये, उस दिन जाने की अनुमति दे दी थी।

इडी ने एक बार फिर उन्हें 21 जून को पेश होने के लिए समन भेजा है। इस मामले में इडी ने अब तक रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी हिरासत में हैं।

इडी ने इनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दिया है। इस मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल का भी नाम सामने आया था। उन्होंने भी भूमि खरीदी है। इडी उनसे इस संबंध में पूछताछ करेगी।



### अभिषेक विदेशी करेंसी का नहीं दे पाये सबूत

**रांची (आजाद सिपाही)। मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा अब तक विदेशी करेंसी भारत लाने का कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं दे पाये हैं। अभिषेक झा ने डॉलर को रुपये में एक्सचेंज किये गये पैसों को भारतीय बैंक में जमा तो किये, लेकिन यह स्पष्ट तौर पर नहीं बताया कि पैसा आने का जरिया क्या था। अभिषेक झा ने 2009 और 2011 के बीच सात बार ऑस्ट्रेलिया और भारत की ट्रिप से 74 हजार 450 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर लाये। उन्होंने यह दावा किया है कि यह रकम उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान अर्जित की थी। भारतीय करेंसी में इस पैसे की कीमत 31.89 लाख रुपये है। नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति पांच हजार या उससे ज्यादा डॉलर लाता है और उसे भारतीय रुपयों में बदलता है, तो करेंसी डिक्लेरेशन फॉर्म भरना जरूरी होता है। अभिषेक झा ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे पलामू में जमा किये, जहां निलंबित आइएएस पूजा सिंघल 19 जुलाई 2010 से लेकर 8 जून 2013 तक डीसी थीं।**

# ओड़िशा के टाटा स्टील प्लांट में भाप लीक, 19 लोग झुलसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**ढेंकनाल।** ओड़िशा के ढेंकनाल स्थित टाटा स्टील के एक प्लांट में मंगलवार को स्टीम पाइप फट गयी। इससे प्लांट में भाप लीक होने लगी। जानकारी के मुताबिक इस हादसे में साइट पर काम कर रहे 19 कर्मचारी झुलस गये। उन्हें पहले कैंपस के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुरुआती इलाज के बाद उन्हें कटक रेफर कर दिया गया। घटना के बाद प्लांट के कैंपस की घेराबंदी कर इमरजेंसी सेवा एक्टिव कर दी गयी है। टाटा स्टील ने भी इस हादसे को लेकर बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि ओड़िशा के ढेंकनाल में टाटा स्टील मेरामंडली वर्क्स में भाप के निकलने के कारण बीएफपीपी-2 पावर प्लांट में दुर्घटना की खबर है। इससे कुछ कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। घटना मंगलवार दोपहर एक बजे के आसपास हुई। हम घटना से प्रभावित कर्मचारियों के परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उनकी मदद की जा सके। कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम अधिकारियों के साथ मिल कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# मांझी के बेटे ने नीतीश कैबिनेट से दिया इस्तीफा

- नीतीश कैबिनेट में दो नये मंत्री बनाये जाने की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने 23 जून को पटना में विपक्षी एकता के लिए 18 दलों की बैठक बुलायी है। बैठक से 10 दिन पहले मंगलवार को बिहार की महागठबंधन सरकार से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हम के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन ने नीतीश कुमार को इस्तीफा भेज दिया है। सरकार ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सुमन अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री थे। बिहार में पार्टी के चार विधायक हैं। इधर, इस्तीफे के बाद नीतीश कैबिनेट का विस्तार करने की चर्चा है। दो नये मंत्री बनाये जा सकते हैं।

इस्तीफा देने के बाद संतोष सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार हमारा अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं। वह हमारी पार्टी हम का विलय अपनी पार्टी जदयू में करवाना चाहते हैं। पार्टी बचाने के लिए हमने इस्तीफे का विकल्प चुना है। अभी हम सरकार से अलग हुए हैं, महागठबंधन से नहीं। महागठबंधन में रखना है या नहीं, यह लालू और नीतीश तय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, मांझी के एनडीए में जाने की चर्चा है। हालांकि संतोष सुमन ने कहा कि इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। हम अकेले भी चुनाव लड़ सकते हैं। फिलहाल हम महागठबंधन के साथ हैं।

इस्तीफे के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। दोनों में चर्चा हुई। फिर सरकार में शामिल सभी दलों की मीटिंग बुलायी गयी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस और जदयू के कोटे से मंत्री बनाये जायेंगे। संतोष सुमन की जगह रत्नेश सदा को मंत्री बनाया जा सकता है। वह मांझी समाज से आते हैं और सहरसा के सोनवर्षा से जदयू विधायक हैं।



## तूफान : बिपरजॉय से पहले गुजरात-मुंबई के तटीय इलाकों में आंधी-बारिश

# मुंबई, भुज और राजकोट में सात की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोरबंदर/मुंबई।** अरब सागर में उठा तूफान बिपरजॉय गुजरात की ओर बढ़ रहा है। यह तूफान 15 जून की दोपहर को कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को तूफान कुछ कमजोर हुआ है। हालांकि यह अब भी खतरनाक ही है। 15 जून को जब यह गुजरात तट से टकरायेगा, तो 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। तूफान के चलते गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में आंधी-बारिश का दौर जारी है, जिसमें सात लोगों की मौत की खबर है।

जानकारी के मुताबिक तूफान के चलते गुजरात और महाराष्ट्र में हुई पांच मौतों में दो बच्चे भी शामिल हैं। ये बच्चे भुज के हैं। इन पर दीवार गिर गयी थी। राजकोट में एक महिला पर पेड़ गिर गया।

वहीं, मुंबई के जुहू बीच पर घूमने गये पांच में से चार लड़के समुद्र में डूब गये थे। मंगलवार को इनके शव बरामद हुए। कच्छ, द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी जिले में 14-15 जून के दौरान अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। तूफान के चलते 15 जून को कच्छ, द्वारका, जामनगर में 20 जून तक बारिश होने की संभावना है। इसके चलते निचले इलाकों में बाढ़ आने का अनुमान है। मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में ना जाने को कहा गया है। गुजरात में 14 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट और 15 जून के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई के समुद्र किनारे रेड अलर्ट के लिए फ्लैग लगाया गया है।



### गुजरात की 67 ट्रेनें रद्द, 25 ट्रेन दूसरे स्टेशनों से चलेंगीं

**बिपरजॉय के चलते पश्चिम रेलवे ने चक्रवात संभावित क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर 67 ट्रेन को पूरी तरह से रद्द करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सौराष्ट्र के ओखा, पोरबंदर और जामनगर से चलने वाली 25 ट्रेन अब राजकोट, सुरेंद्रनगर और अहमदाबाद से चलेंगीं।**

### लोगों को सेफ जगह पहुंचाने को कहा

तूफान की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इमरजेंसी मीटिंग की, जिसमें गृह मंत्रालय, ठऊफ्र और सेना के अधिकारी मौजूद रहे। ढट ने खतरे वाली जगहों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुले रहें और हालात पर नजर रखें।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## झारखंड पुलिस में कार्यरत मथुरा यादव के निधन पर शोक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नइटांड पंचायत अंतर्गत ग्राम मसौंधा निवासी मथुरा यादव उम्र 45 वर्ष झारखंड पुलिस में जमशेदपुर में पदस्थापित था। पीटीसी पदमा में ट्रेनिंग के दौरान बेहोश हो गया, आनन-फानन में रांची रिम्स ले जाने के क्रम में निधन हो गया। मृतक मथुरा यादव के दो पुत्र, एक पुत्री है। मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों एवं आसपास का रो रो कर बुरा हाल हो गया। विधायक अमित कुमार यादव ने मृतक के गांव पहुंच कर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और शोक व्यक्त किया। मृतक मथुरा महतो के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह, नईटांड पंचायत के मुखिया किशोर साव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इरशाद आलम, राजद प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव, पूर्व मुखिया भीम यादव, बेको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, परसाबाद भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, प्रदीप साव, वीरेंद्र साव, महेश यादव, अरविंद यादव, अजय यादव, सद्दाम हुसैन, सुभाष यादव, सुनील कुमार यादव, विकास यादव शामिल हैं।

## मंत्री हफीजुल हसन ने किया मदरसा का दौरा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पर्यटन खेलकूद और युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन कोडरमा आगमन के दौरान सोमवार देर रात मदरसा कासमिया खादिमुल उलूम असनाबाद पहुंचे। जहां मदरसा के बच्चों व वहां के मुफ्ती नसीम व पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने मदरसा के तलबा से मुलाकात कर उनसे शिक्षा संबंधित जानकारी ली। बच्चों द्वारा शिक्षा को लेकर दी गयी जानकारी से वे काफी खुश नजर आये और बच्चों से कहा कि मन लगाकर पूरी लगन के साथ शिक्षा हासिल करें। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस मदरसा में दीनी तालीम के साथ-साथ स्कूली तालीम हिंदी, अंग्रेजी की मैट्रिक तक अलग से शिक्षा दी जा रही है। मंत्री ने मदरसा के पदाधिकारियों के साथ बैठकर मदरसा के हालात का जायजा लिया। इस दौरान जामा मस्जिद असनाबाद के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मस्जिद के सामने आए दिन हो रहे रोड एक्सिडेंट को लेकर मंत्री को एनएचआइ राष्ट्रीय उच्च पथ पर मस्जिद के सामने फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग रखी। जिस पर मंत्री ने विभाग को इससे अवगत कराने की बात कही। मौके पर मुफ्ती नसीम कासमी, हाजी मोहम्मद कासिम, कारी रऊफ, मौलाना अख्तर हुसैन, मास्टर मुस्तफा, हाफिज मकसूद आलम, हाफिज माजिद अली, मोहम्मद अमजद, मोहम्मद सलीम, कारी तौहिद, फैयाज कैसर, मोहम्मद मुजाहिर, मोहम्मद, सहाब, मोहम्मद चांद के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## श्याम शरण में आजा रे की बैठक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्याम शरण में आजा रे की एक बैठक अग्रसेन भवन झुमरी तिलैया में हुई जिसमें आगामी 14 अरदास कीर्तन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक पर्ची निकाली गई जिसमें मनोज चौधरी कुसुम चौधरी के नाम पर यह पर्ची निकली और अगले 15 दिनों के अंदर अरदास कीर्तन बाबा श्याम का दरबार सजाकर अखंड ज्योत के साथ आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया प्रभु श्याम का गुणगान हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए कई लोग श्याम शरण में आजा रे से जुड़ रहे हैं। रवि दाहिमा, पप्पु सिंह, विपुल चौधरी ने बताया कि श्याम शरण में आजा रे देश स्तरीय धार्मिक संगठन है और कलयुग में बाबा श्याम की पूजा में श्रद्धालु भक्त जुड़ते ही जा रहे हैं। अभी तक 178 सदस्य धार्मिक संगठन से जुड़ चुके हैं और कोडरमा जिले से कई और श्रद्धालु भक्त प्रतिदिन जोड़ रहे हैं। बैठक में दीपेश जेठवा, विवेक सहल, उमंग कंदोई, संजय नरेड़ी, संतोष लड्डा, उमेश जोशी, पियुष सहल, मनोज जोशी, रणधीर कपसिमे आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर श्याम महिला समिति के तत्वावधान में 14 जून को पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में अखंड ज्योति पाठ का आयोजन द्वारा किया जाएगा। इसी मंडल के सदस्यों के द्वारा आगामी 29 जून को निशान पदयात्रा दुर्गा मंदिर झंडा चौक से निकाली जायेगी । महिला समिति की पिंकी खेतान, कृतिका मोदी ने बताया कि महिला प्रेमी की लगभग 18 सदस्य खाटू श्याम के दर्शन के लिए रींगस से खाटू के लिए 18 किलोमीटर निशान यात्रा में राजस्थान गयी थी और श्याम बाबा के अलौकिक श्रृंगार के साथ कीर्तन में भी शामिल हुयी थी।

## मिस्टर झारखंड का खिताब लेकर पहुंचे आदर्श कुमार



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्लोबल इंटरनेशनल पेजेंट 2023 के लिए मिस्टर झारखंड का खिताब लेकर आज जब आदर्श कुमार दिल्ली से वापस तिलैया पहुंचे तो कोडरमा स्टेशन पर तिलैयावासियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भव्य तरीके से स्वागत किया। बताते चले कि 18 वर्षीय आदर्श कुमार भादोडीह के रहने वाले हैं और इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की है। उनकी मां पूनम साहू समर्पण संस्था में अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं वहीं उनके पिता अशोक साहू तिलैया पानी टंकी के पास एक किराना दुकान चलाते हैं। ज्ञात हो कि वे इस कंपटीशन में पहली बार में ही मिस्टर झारखंड के लिए चयन किये गए वही, मिस्टर एशिया 2023 के लिए वे चौथे स्थान पर रहे। बेस्ट लुक और मॉडलिंग का खिताब जीतने पर राज्य भर उन्हें बधाइयां मिल रही रही है।फोटो- पी7

## कोडरमा में हॉल्ट नहीं बनना जनता की उम्मीदों पर कुठाराघात

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा मुख्यालय जयनगर चौक निकट कोडरमा मधुपुर सवारी गाड़ी के ठहराव हेतु वर्ष 2016 से लगातार प्रयास उपरांत भी आज तक निर्णय ना होना यहां की जनता की उम्मीदों पर कुठाराघात बताया है। हाल्ट निर्माण हेतु तारीख 26.11.2018 को रेल लाइन जाम भी किया गया था जिसमें डीआरएम के प्रतिनिधि द्वारा जल्द ठहराव का निर्णय लेने का आश्वासन भी दिया गया था। इस संबंध में रेल मंत्री को भी कई बार ट्वीट कर हाल्ट की मांग की गयी। कोडरमा टाउन स्टेशन 3 किलोमीटर की दूरी पर निर्जन स्थान पर है जिसका पहुंच पथ भी नहीं है और सवारी गाड़ी भी उपलब्ध नहीं है, रात में स्टेशन अंधेरे में डूबा रहता है और ट्रेन से उतरकर कोडरमा आना जोखिम भरा है। इस कारण यात्री इस ट्रेन का लाभ उठा नहीं पाते, जिससे रेलवे को राजस्व की भी क्षति हो रही है। ट्रेन के ठहराव हेतु जनवरी 23 में ही कुछ प्रबुद्ध जनों के साथ स्थानीय सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा जी को ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें जल्द हाल्ट के निर्माण का आश्वासन मिला था, पर कोडरमा नगर पंचायत वासियों का दुर्भाग्य है कि पांच महीने बीत जाने पर भी इनके दुख दर्द को नहीं समझा गया। बसंत ने पुनः रेल मंत्री एवं डी आर एम को सूचित करते हुए जल्द बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने का आग्रह किया है जो जनहित में है।

## राज्यपाल कोडरमा पहुंचे, सदर अस्पताल का लिया जायजा

# वार्डों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को पहली बार अपने एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। जिले में अपने दौरे की शुरूआत कोडरमा सदर अस्पताल पहुंच कर की। यहां सबसे पहले जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कोडरमा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सदर अस्पताल में राज्यपाल ने मरीजों से बात की और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुये मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जानकारी ली। सदर अस्पताल के निरीक्षण के बाद राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कोडरमा सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त कोडरमा समेत जिला प्रशासन की पूरी टीम के द्वारा सदर अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में सुविधाओं की बढ़ोतरी और बेहतरी के लिए यदि किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार और केंद्र सरकार के स्तर से हर संभव मदद उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह से सदर अस्पताल के व्यवस्थाओं में सुधार बना रहा तो आने वाले दिन में यह हॉस्पिटल देश के शीर्ष हॉस्पिटलों में शामिल होगा। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार, एसडीओ संदीप मीणा, एसडीपीओ प्रवीन पुष्कर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। अस्पताल के निरीक्षण के बाद राज्यपाल परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भी गए और उसके बाद मरकच्चो प्रखंड के अरकोसा पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया।

# बिजली कटौती को लेकर विधायक करेंगे धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाद



**हजारीबाग।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति और बिजली की अन्य समस्याओं के खिलाफ हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग का प्रचंड विरोध- प्रदर्शन व घेराव का ऐलान किया है। इस संबंध में विधायक मनीष जयसवाल ने बताया कि ग्रीष्म काल में भी विद्युत आपूर्ति 24 घंटे में मार्च 10- 12 घंटे दी जा रही है, ट्रांसफार्मर जलने के पश्चात पुनः ट्रांसफार्मर मिलने में महीनों लग रहे हैं। विगत कई वर्षों पूर्व लगे जर्जर हो चुके तारों को बदलने के कार्य में लगातार अनदेखी हो रही है, शहर के विभिन्न इलाकों में बस रहे नए मोहल्लों को विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, कई स्थानों में बिजली बिल मासिक रूप से नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं को एकमुश्त जमा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, कई गांवों में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो बिजली बिल निर्गत कर लोगों का भयादोहन और दो बिलों की वसूली की जा रही है, बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी और बाबुओं की लालफीताशाही से जनता त्रस्त है। बिजली विभाग की उपरोक्त अनेकों समस्याओं को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने आंदोलन का रुख अख्तियार किया है। आज समय-शाम 3:00 बजे से जुलू पार्क, हजारीबाग स्थित महाप्रबंधन और अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली विभाग का प्रचंड विरोध- प्रदर्शन व घेराव करने का घोषणा किया है। विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग वासियों से अपील करते हुये कहा कि इस धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं और अपना विरोध-अवश्य जाहिर करें ।

# अडाणी फाउंडेशन ने टीबी के 70 मरीजों को दिया पोषण किट

**इससे पहले टीबी के गोद लिए गए 60 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ**

**अदाणी फॉउंडेशन ने स्थापित किया एक नया और बड़ा मापदंड : डॉ बीएन प्रसाद**

**गोंदलपुरा खनन परियोजनाः सीएसआर के तहत लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन ने प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत इन मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने एक बड़ा मापदंड स्थापित किया है। ऐसी बहुत कम कंपनियां हैं जो दूसरे चरण में भी टीबी मरीजों को गोद लेती हैं। इसलिए अदाणी फाउंडेशन की यह पहल बहुत बड़ी बात है।

मौके पर जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि इस नेक पहल के लिए अदाणी फॉउंडेशन का जितना भी आभार व्यक्त किया जाए वो कम होगा। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन हजारीबाग जिले का ऐसा पहला कॉर्पोरेट घराना है, जिसने पिछले साल भी टीबी के 60 मरीजों को छह महीनों तक पोषण किट प्रदान किया था और इस बार भी इसे कायम रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है।

कार्यक्रम में जिला टीबी अधिकारी डॉक्टर आरके जायसवाल ने मरीजों से कहा कि दवा के अतिरिक्त जो पोषण आहार उन्हें मिल रहे हैं उनका नियमित रूप से सेवन किया जाना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आयेगी। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है।

इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रेरणा शाखा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

# रक्तदान से दूसरों को मिलती है जिंदगी: डॉ नरेश पंडित

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन छाबड़ा, आईएमएके सचिव डॉ नरेश पंडित, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ आरके दीपक, सह चेयरमैन डॉ सुजीत राज , सचिव सुरेश पिलानिया सदस्य अरविंद सेठ, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गोपीकृष्ण अग्रवाल, सचिव हिमांशु केडिया, सह सचिव अरविंद चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार बंसल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर आईएमएके सचिव डॉ नरेश पंडित ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को जिंदगी मिलती है और प्रत्येक मनुष्य को साल में कम से कम 3 से 4 बार रक्तदान करना चाहिए। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन छाबड़ा ने कहा कि दान तो लोग बहुत करते हैं, लेकिन जो दूसरों की जिंदगी बचा है वह महादान है। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ आरके दीपक ने कहा कि एक यूनिट खून से 3 लोगों की जिंदगी बचती है। रक्त दान करने से नए खून आने से शरीर में ताजगी आती है। सह चेयरमैन डॉ सुजीत राज ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता है बल्कि इंसान ही रक्त को दान कर सकता है। मौके पर टेक्नीशियन अमित कुमार, ड्रेसर सूरज कुमार, नेहा जैन, नेहा हिसारिया, ज्योति अग्रवाल, अंकिता गोयल, आंचल लड्ढा, सीए गुंजन अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, शेखर शर्मा उपस्थित थे।

**तीन महिलाएं सहित 15 लोगों ने किया रक्तदान**

विश्व रक्तदान दिवस को लेकर प्रेरणा शाखा के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 3 महिला सहित 15 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में ज्योति अग्रवाल, शैलजा केडिया, श्रेया केडिया, रोहित लोहिया, चिराग हिसारिया, शुभम अग्रवाल, सन्नी कुमार, राहुल मोदी, तौसित आर्या, शैलेश दारूका, श्रेयांश जैन, संतोष लड्ढा, वत्सल कंदोई , विमल हिसारिया, बिरेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं।

## पुलिस ने बाइक के साथ दो अपराधियों को पकड़ा

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी पुलिस ने पांच मोटर साइकिल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है इनमें केरेडारी थाना कांड संख्या 186/23 दिनांक 11.06.2023 भादवि की धारा 379/414/34 के प्राथमिक अभियुक्त पिंटू कुमार उर्फ खिरोधर यादव पिता बंशी यादव और सुरज यादव पिता मनोज यादव का नाम शामिल है। इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की इन लोगों को गिरफ्तार कर के न्यायिक हिराशत में भेज दिया गया है।

## अभिषेक आनंद ने पदभार ग्रहण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बाजार समिति सचिव का पदभार मंगलवार को अभिषेक आनंद ने लिया है।यह पदभार उन्होंने रवि रंजन कुमार से लिया है। अभिषेक आनंद इसके पूर्व गोड्डा बाजार समिति, सचिव के पदभार में थे, वहां से उनका स्थानांतरण कोडरमा बाजार समिति किया गया है। जबकि रवि रंजन कुमार का तबादला हजारीबाग बाजार समिति में हुआ है। बता चले कि अभिषेक आनंद इसके पूर्व 29 फरवरी वर्ष 2012 से 8 जुलाई 2018 तक कोडरमा बाजार समिति के सचिव रह चुके हैं। अभिषेक आनंद पिछले कार्यकाल के दौरान बाजार समिति सचिव रहने के साथ-साथ अन्य कई विभाग का प्रभार उनके पास था। अभिषेक आनंद का पिछले बार स्थानांतर रांची बाजार समिति के सचिव पद पर हुआ था। जहां वह रांची पहाड़ी मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत थे। अभिषेक आनंद ने बताया कि कोडरमा बाजार समिति के पास कई योजनाएं हैं, जिन्हें वह पूरा करने का प्रयास करेंगे।

## महायज्ञ के समापन में जागरण का भव्य आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम काला द्वार में चल रहे सात दिनी महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ भक्ति वातावरण में संपन्न हुआ। रात्रि में महायज्ञ कमेटी के द्वारा जगराता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन जीप सदस्य पूर्वी रेनू देवी, बरका खुर्द की मुखिया सीता कुमारी, कौशल नाथ मेहता पूर्व प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार, दाढ़ी घाघर मुखिया नंद किशोर कुमार, समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष बासुदेव प्रसाद मेहता और राजकुमार राम, सचिव नागेश्वर प्रसाद मेहता और रंजीत कुमार चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मेहता और रूपेश ठाकुर के अलावा पुजारी पारसनाथ यादव, घनश्याम प्रसाद मेहता, खुशीलाल प्रसाद मेहता, बालेश्वर राम, भाजपा नेता अनिल कुमार मेहता, भरत प्रसाद मेहता, चक्रधारी कुमार मेहता, विष्णु प्रजापति, महेश कुमार मेहता, उमेश कुमार मेहता, रामेश्वर महतो, माले नेता लोकनाथ प्रसाद मेहता, श्याम सुंदर प्रसाद मिश्रा अयोध्या प्रसाद मेहता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांग्रेस प्रमंडलीय अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ आरसी मेहता उपस्थित थे। मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा की मनुष्य जीवन सफल करने हेतु भक्ति के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मंच का संचालन भाजपा नेता ओम प्रकाश मेहता और राजकुमार राम ने संयुक्त रूप से किया।

## मोबाइल-पैसा लूट कर भाग रहे दो गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोर्रा थाना अंतर्गत मटवारी गांधी मैदान में लॉज ने रह कर पढ़ाई कर छात्रों को टारगेट कर लगातार मोबाइल और पैसों की लूट कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनो की पहचान अतीत कुमार और सौरभ मेहता उर्फ टेना के रूप में हुआ है। दोनो मोबाइल, चेन व बैग छिनतई की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गयी है। हाल ही में गांधी मैदान में एक छात्र से मोबाइल व पैसों की छिनतइ कर रहे उक्त दोनों व्यक्ति का विरोध करने पर छात्र को बुरी तरह से मार-पीट कर छिनतइ की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस पर कोर्रा थाना कांड सं0-149/23 धारा-394 भा0द0वि0 दर्ज कर दोनों व्यक्ति को जेल भेजा गया।

## डॉ सुकल्याण बने विभावि के जनसंपर्क पदाधिकारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नए वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के जनसंपर्क सह जनसूचना पदाधिकारी बनाए गए हैं. उन्होंने पूर्व जनसंपर्क सह जनसूचना पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार से मंगलवार को प्रभार ग्रहण किया। डॉ सुकल्याण मोइत्रा पूर्व में भी वीसी डॉ अरविंद कुमार के कार्यकाल में सूचना जनसंपर्क अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वहन कर चुके हैं। वे प्रखर पत्रकार के रूप में नेशनल डेली इंग्लिश न्यूजपेपर में अपनी सेवा दे चुके हैं। विभावि के पीआरओ सह जनसूचना पदाधिकारी बनाए जाने पर पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

## पहले उठी बेटी की डोली, फिर पिता की अर्थी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** बेटी की शादी में अचानक पिता की तबीयत खराब हुई। तबीयत बिगड़ी तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घर में शादी का माहौल था। बेटी की डोली से पहले पिता की जान चली गयी। परिजनों ने फैसला लिया कि शादी होगी। बेटी ने मंदिर में जाकर सात फेरे लिये और वहीं से विदाई हो गयी। परिवार में खुशी का माहौल बदला मातम मेंः मामला हजारीबाग का है। इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर गांव में देर शाम सत्येंद्र मेहता उर्फ कारू की बड़ी बेटी अंशु की शादी की तैयारी चल रही थी। घर में सभी खुश थे। अचानक लड़की के पिता सत्येंद्र की तबीयत बिगड़ने लगी। दो बार उल्टियां हुईं और अचानक वह जमीन पर गिर पड़े। परिजन तुरंत उन्हें लेकर हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भागे। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।बेटी ने मंदिर में लिये सात फेरेः बेटी सात फेरे की तैयारी कर रही थी, उधर पिता की जान चली गयी। घर खबर पहुंची तो खुशी का माहौल मातम में बदल गया। परिजनों ने फैसला लिया कि बेटी की शादी तय है, तो होगी ही। दुल्हन को बरका खुर्द शिव मंदिर ले जाया गया, जहां दूल्हा विकास के संग अंशु की शादी हुई। मंदिर से ही बेटी की विदाई हुई और इधर पिता की अर्थी उठी।

## एनटीपीसी से संबंधित मामलों का ग्राम सभा में निष्पादन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव सामुदायिक भवन सूर्य मंदिर प्रांगण में बड़कागांव अंचल अंतर्गत राजस्व ग्राम लंगातू के भू-रैयतों का स्टेटमेंट 6 एवं परिवारिक सूची का दावा प्रस्तुत करने हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसका कार्यालय अंचलाधिकारी का ज्ञापन संख्या 544 निकाला गया था। जिसे लेकर ग्रामसभा की तिथि 12 जून को निर्धारित की गई थी। इसमें ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपना-अपना दावा प्रस्तुत किया जो बिल्कुल सही पाया गया। किसी रैयत के द्वारा कोई आपत्ति पत्र दाखिल नहीं किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार एवं संचालन बड़कागांव अंचल निरीक्षक अनोज कुमार के द्वारा किया गया । ग्राम सभा में एनटीपीसी के अधिकारी सुशांत कुणाल , राजस्व उप निरीक्षक मनीष पाठक, अंचल अमीन नरेंद्र कुमार, अमीन परमेश्वर कुमार महेंद्र राम पासवान के अलावा रैयत शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 जून, 2023
www.azadsipahi.in
05

## चतरा में राज्यपाल ने किया लोगों से संवाद, करोड़ों की परिसंपत्ति बांटी

# आम जनता से जुड़ना राज्यपाल का कर्तव्य: सीपी राधाकृष्णन

- राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर
- उपायुक्त ने राज्यपाल को पौधा देकर किया सम्मानित





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** आम जनता से संवाद कर सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी लेना और उनकी समस्या से अवगत होना और सरकार तक उसे पहुंचाना राज्यपाल का कर्तव्य है। इसी प्रायोजन के तहत मैने जनता के बीच जाने का फैसला लिया है। लोगों को राजभवन जाने का कष्ट न उठाना पडें, इसलिये मैं वास्तविकता से अवगत होने के लिए आप सबों के बीच उपस्थित हूं। ये बातें झारखंड के राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को जिले के करमा पंचायत भवन मे जनसंवाद और परिसंपति वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। राज्यपाल ने आगे कहा कि विकास के काई भी काम में अवरोध नहीं होना चाहिए। करमा जैसे छोटे-छोटे पंचायत का विकास होगा तभी प्रखंडों का विकास होगा और प्रखंड का विकास होगा तभी जिले का विकास होगा और जिले के विकास से ही राज्य का विकास होगा और राज्य के विकास से ही देष विकसित होगा। उन्होनें कहा कि कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिले के लोगों को व्यापक सुविधायें मिल रही है। महामहिम ने उपस्थित जनसमूह से जिले में उज्जवला योजना, जल जीवन मिषन योजना आदि अन्य संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया। महामहिम राज्यपाल राजभवन से सडक मार्ग से जिले के करमा पंचायत भवन पहुंचे। इस मौके पर जिला पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही झारखंड के परंपरागत नृत्य और गीत की प्रस्तुति के साथ उन्हें मंच पर आसीन कराया गया। मंच पर जिले के उपायुक्त अबु इमरान ने राज्यपाल को पौधा भेंट कर उनके चतरा आगमन पर जिला प्रषासन की तरफ से आभार प्रकट किया। इस मौके पर स्थानीय भाजपा विधायक किसुन दास भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने महामहिम को जिले का संक्षिप्त परिचय से अवगत कराया तथा जिले में किये जा रहे विभिन्न कार्यों से अवगत कराते हुए खेल, पर्यटन षिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।

### परिसंपत्तियों का वितरण

महामहिम राज्यपाल द्वारा करमा पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपतियों का वितरण किया गया। इस मौके पर कल्याण विभाग के तहतएक लाभुक को स्वीकृत पत्र, शिक्षा विभाग के दो लाभुकों को नियुक्ति पत्र, 123 स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को बैंक क्रेडिज लिंकेज के तहत 1 करोड 20 लाख का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाभुक को गृह प्रवेश हेतू भवन की चाभी, मनरेगा के तहत दो मजदूरों को जॉब कार्ड, भूमि संरक्षण विभाग के एक सखी मंडल को 5 लाख का चेक, परिवहन विभाग के गुड समार्टियन पॉलिसी के तहत एक लाभुक को प्रशस्ति पत्र, सहकारिता विभाग के एक निबंधित सहकारिता समिति को निबंधन प्रमाण-पत्र,जिंला समाज कल्याण विभाग के तीन लाभुकों को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, तीन लाभुकों को कन्या दान योजना तथा तीन दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पचन भुइयां की पुत्री काजल कुमारी को अदम्य साहस दिखाते हुए एक डुबते बच्चे को बचाने के लिए वीरता पूर्ण कार्य करने के कारण वीरता प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी, पुलिस के जवान के साथ साथ काफी संख्या में दूर-दराज से आये हुए ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते हैं हंटरगंज बीडीओ: प्रखंड प्रमुख

**चतरा।** करमा पंचायत सचिवालय में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी द्वारा हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिशेक पांडेय पर गंभीर आरोप लगाया गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते हैं और न ही योजना के चयन में उनकी राय लेते है।राज्यपाल से जांच कर कारवाई करने की मांग की। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख ने महामहिम को लिखित आवेदन भी सौंपा। इस आरोप के जवाब में राज्यपाल ने इसकी जांच कर दोषी पाये जाने पर न्याय संगत कारवाई का भरोसा दिया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के मुख्य द्वार के समीप सड़क दुर्घटना में एक कि मौत व तीन घायल की खबर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुटुवा निवासी लखन बेदिया के बेटे की शादी की बारात शिकीद्री गयी थी और लौटते समय अहले सुबह बाराती से भरा बोलेरो गाड़ी संख्या जेएच 02 पी 3086 असंतुलित होकर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के मुख्य द्वार के समीप सीसीएल चेक पोस्ट से जा टकरायी। जोरदार टक्कर के कारण चैकपोस्ट के पिलर गिर पड़ा एवम पिलर गिरने की वजह से बाहर की छत गिरकर बोलेरो से टकरायी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया एवम इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर घुटुवा निवासी बबलू बेदिया पिता स्वर्गीय अशोक बेदिया उम्र चौबीस वर्ष को डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल रवि बेदिया व मनीष बेदिया इलाजरत है। स्थानीय लोगों ने बताया मृतक का जल्द ही अनुकंपा के आधार पर आयकर विभाग में नौकरी लगने वाली थी। घटना के बाद घुटुवा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। शादी की खुशी मातम में बदला। बरकाकाना ओपी पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर बोलेरो को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी हैं।

## निष्ठा स्किल ने प्रमाण पत्र वितरित किया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत चलाये जा रहे निष्ठा स्किल कौशल प्रशिक्षण केंद्र, कुजू में मंगलवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी से अर्चना डुंगडुंग और अजलिना कुजूर, निष्ठा प्लेसमेंट मैनेजर शुभम मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह, बेस्ट कॉर्पोरेशन चेन्नई के प्लेसमेंट पदाधिकारी सादिक वासा, केपीआर चेन्नई के प्लेसमेंट पदाधिकारी मुकेश कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों को बुके भेंट कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत गान और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही, आगत अतिथियों ने 182 प्रशिक्षित युवतियों को फैशन डिजाइनिंग और सेंपलिंग टेलर का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर मनीष कुमार सिंह ने बताया कि बेस्ट कॉर्पोरेशन और केपीआर कंपनी के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र की 37 प्रशिक्षित छात्राओं का प्लेसमेंट ड्राइव के तहत चयनित किया गया। सभी चयनित छात्राओं को आगामी 27 जून को चेन्नई भेजा जायेगा। मौके पर अजय कुमार रवि, चितरंजन प्रसाद,गौरव कुमार, सोनू कुमार, बबलू कुमार, नीतीश कुमार, सुमन देवी, चांदनी प्रवीण, रेखा कुमारी, रितु प्रिया, प्रियांशी गुप्ता, मानको सोरेन, बबलू भुइयां, लक्ष्मी देवी, चांदो कुमारी, सीमा कुमारी समेत प्रशिक्षण केंद्र प्राप्त कर रही दर्जनों युवतियां शामिल रही।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आस्था ने जीता रजत पदक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा के डीएवी स्टेडियम में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेक्टिस प्रतियोगिता में कुरर्से निवासी पंकज सिंह व रेखा देवी की 14 वर्षीय पुत्री आस्था सिंह ने रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता, गुरू व क्षेत्रवासियों को गौरवान्ति किया है। आस्था की सफलता पर मंगलवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एसडीपीओ चौधरी ने कहा कि खेलो में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि खेल-कूद का जीवन अभिन्न अंग है। खेलो में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि आस्था ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई 9वीं की छात्रा है। आस्था बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में कंचन दास से कराटे, योगा व खेल का नियमित रूप से प्रशिक्षण लेती है। इधर आस्था की सफलता पर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाइयों का तांला लगा हुआ है।

## सुरक्षा उपकरण रखें दुरुस्त: डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला कारा समिति की बैठक मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित की गयी। बैठक में डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडेय उपस्थित थे। बैठक में डीसी माधवी मिश्रा और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गयी। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाये गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने और इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, उपकारा रामगढ़ के अधिकारियों, जिला कारा सुरक्षा समिति के सदस्यों, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को विधायक सुनीता चौधरी ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान कई फरियादियों ने वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास, दाखिल खारिज, जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनने में देरी होने की बात कही। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उक्त समस्याओं का जल्द निदान करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ संतोष कुमार, सीओ सुदीप कुमार एक्का, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप साव,अशोक कुमार, दिनेश कुमार महतो, राजू महतो, महेश महतो, दिनु गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## कॉलेज में छह अतिरिक्त कक्षा का निर्माण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा वृहद ताप विधुत परियोजना द्वारा सिमरिया डिग्री कॉलेज में छह अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण किया गया है। यह पहल उत्तरी कर्णपुरा की शिक्षा का समर्थन करने और छात्रों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। अतिरिक्त कक्षाए बड़ी संख्या में छात्रों को समायोजित करने में मदद करेंगी, जिससे कॉलेज को अपने नामांकन का विस्तार करने और समुदाय में अधिक व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान करने की अनुमति मिलेगी। कुल मिलाकर, एनटीपीसी द्वारा सिमरिया डिग्री कॉलेज में छह अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रों के सीखने के अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और समुदाय के विकास का समर्थन करने के लिए संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व को प्रदर्शित करता है। बीते नौ जून को उज्ज्वल सिंह, प्रबंधक, सीसीडी और जीत सिंह संधू, सीएसआर एक्जीक्यूटिव द्वारा कक्षाओं को कॉलेज के प्राचार्य को सौंप दिया गया।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं. eT-M-KUR-BBSSTNCLG-225-23

कार्य का नामः भुवनेश्वर (BBS) स्टेशन के साथ प्लेटफॉर्मों, यार्ड, रेल की पटरियों, कार्यालय भवनों, आरक्षण कार्यालय, कॉनकोर्स क्षेत्र, सर्कुलेटिंग क्षेत्र, प्रतीक्षालयों, होम सिग्नल से होम सिग्नल तक यार्ड की 03 वर्षों (1096 दिन) की अवधि के लिए सफाई एवं हाउसकीपिंग।

विज्ञापित मूल्यः रु. 17,20,20,959.72, EMD: रु. 10,10,100.00. निविदा दस्तावेज की कीमतः रु. 11,800.00. कार्य समापन की अवधिः 36 महीने।

बोली शुरू होने की तारीखः 14.06.2023,

निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 28.06.2023 को 1530 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, खोरधा रोड

PR-257/O/23-24

## पूर्व छात्र रामप्रवेश ठाकुर डॉ. अब्दुल कलाम युद्ध रत्न अवार्ड से होंगे सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जुबिलि कोलेज भुरकुंडा के पूर्व छात्र एवं एनएसएस इकाई दो से जुड़े स्वयंसेवक रामप्रवेश ठाकुर को डॉ. कलाम युद्ध रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। रामप्रवेश ठाकुर के चयन होने पर कोलेज परिवार में हर्ष का माहौल है। राम प्रवेश ने बताया कि 27 से 29 जुलाई तक अंतरर्राष्ट्रीय युवा केंद्र चाणक्य पूरी नई दिल्ली में होने वाले तीन दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय कलाम युद्ध लीडरशिप कोंफ्रेंस 2023 में उसे यह अवार्ड दिया जायेगा। इस अवार्ड के लिए रामप्रवेश ठाकुर के चयन की सूचना ख्वाबा फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने ईमेल के द्वारा दी है। साथ ही आमंत्रण भी भेजा है। तीन दिवसीय सम्मेलन में विश्व में शांति एवं समृद्धि विषय पर चर्चा होगी। जिसमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब समेत 25 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें रामप्रवेश ठाकुर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। चयन पर जुबली कोलेज भुरकुंडा के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की रामप्रवेश एक सक्रिय स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता है। इससे पूर्व में भी वह राष्ट्रीय प्रेरणा दूत अवार्ड व कन्यादान शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित हो चुका है। रामप्रवेश के चयन पर प्राचार्य एनके तिवारी, डॉ. महेंद्र पांडेय, डॉ. एकेएस झा, डॉ. विभा राय, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास, डॉ. राजेश कुमार, एसएस पांडेय, टीके झा सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## जब्त ट्रैक्टर के मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**गोला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा गठित टीम ने सोमवार को थाना क्षेत्र के हेसापोड़ा बालू घाट में छापामारी कर दो ट्रेक्टर में अवैध रूप से बालू ले जाने के दौरान पकड़ा था। जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों ट्रेक्टर के मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया है। दोनों मालिकों व चालक पर माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि टीम द्वारा किये गए छापेमारी के बाद भी बालू तस्कर अपनी सक्रियता दिखाते हुए चोरी छिपे धंधे को अंजाम दे रहे है।

## साढ़े तेरह किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** अवैध नशा के खिलाफ भुरकुंडा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान रीवर साइड क्षेत्र से साढे. तेरह केजी गांजा के साथ पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है। मंगलवार को भुरकुंडा ओपी में पतरातू एसडीपीओ डॉ. विरेंद्र चौधरी ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रीवर साइड दुमुहानी में अमित राय की दुकान से साढे छह किलो, रीवर साइड निवासी प्रमोद के घर से तीन किलो और बुधबाजार में गमेश पांडेय की जेनरल दुकान से चार किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही गांजा का कारोबार करने वाले गमेश पांडेय को धरदबोचा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बडे.पैमाने पर कोयलांचल के युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहें हैं। कोयलांचल के युवा ड्रग्स, गांजा और शराब जैसे नशा के चंगुल मे फंस गये हैं। पुलिस कोयलांचल को नशा मुक्त करने के लिये पिछले एक साल से मुहिम चला रही है। पुलिस नशा के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। उन्होने कहा कि नशा का कारोबार करने वालों को पुलिस किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। उन पर कडी कानुनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त गमेश पांडेय को धारा 20/( ।।) बी/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। प्रेस कांफ्रेस मे ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई मंयक प्रसाद, एसआई कुदन राव, एसआई अक्षय कुमार आदि मौजूद थें।

## झारखंड राज्य एटक के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल और सतीश सिन्हा बने जिला के प्रभारी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य एटक कार्यकारणी समिति के सदस्यों की बैठक एटक कार्यालय ओसी कंपाउंड रांची में हुई। इसमें मुख्य रूप से एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार और महासचिव अशोक यादव उपस्थिति थें। बैठक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत जितनी भी यूनियन/संगठन एटक से संबद्धता रखती है। जो राज्य के विभिन्न जिलों में काम करती है उसकी सक्रियता को बढ़ाने और यूनियन एवं संगठन को मजबूत करने के लिये कोडरमा, चतरा, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के अंतर्गत एटक से संबद्ध रखने वाले यूनियनों की अद्यतन स्थिति क्या है और सक्रियता को बढ़ाने को लेकर एटक प्रदेश सचिव नरेश मंडल और एजेकेएसएस महासचिव सतीश सिन्हा को प्रभारी नियुक्त किया गया। नरेश मंडल और सतीश सिन्हा को प्रभारी नियुक्त होने पर कोयलांचल के युनियन सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETELGSUT-05E, दिनांकः 07.06.2023

कार्य का नामः पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मंडल में एनटीपीसी लाइन के लिंगराज सिलो (SILO) संयोजन की दोहरीकरण तथा एनटीपीसी एक्सचेंज यार्ड तथा एनटीपीसी ब्लॉक केबिन यार्ड फेज-II के विस्तार के संबंध में 25 KV OHE के साथ SSP एवं SCADA की डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, रूपांतरण, जांच एवं चालू करना।

कार्य की अनुमानित लागतः रु. 1189.43 लाख, EMD : रु. 7,44,700/-, कार्य समापन की अवधिः 12 महीने।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 29.06.2023 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपर उल्लेखित ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G एवं G1 जमा करने के साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/जीएसयू, अनुगुल

PR-34/CG/23-24

## प्रदेश अध्यक्ष किसलय का भव्य स्वागत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मांडू प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार साहू के नेतृत्व में युवा मोर्चा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही, उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी करते हुए मोर्चा के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों मे भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, भाजयुमो मांडू मंडल महामंत्री पंचीत महतो, धर्मेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष सूरज महतो, मंत्री श्रवण शाह, मोहित अग्रवाल, डिम्पल प्रजापति, हरि महतो, राहुल पटेल, सोनू कुमार, बादल कुमार, संजय कुमार, शिवम कुशवाहा शामिल रहे।

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना का डीसी ने किया शुभारंभ

# हरी झंडी दिखा कर वाहन को किया रवाना

- परामर्श के बाद मुफ्त दवाइयां और निःशुल्क नैदानिक परीक्षण का मिलेगा लाभ: माधवी मिश्रा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सुदूर ग्रामीण के कुपोषित बच्चों के पोषण में सुधार को लेकर मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य समृद्धि परियोजना का शुभारंभ किया। जिसके बाद समाहरणालय परिसर से स्वास्थ्य समृद्धि वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित और डीएमएफटी द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन का क्रियान्वयन राजकुमारी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

**क्या है वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषतायें:** एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन और अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुंचायी जा सकेगी। यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी। इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है। जिसमें पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जायेगा। यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी रखी जायेगी। उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे और उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे। कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपयुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जायेगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जायेगा।

यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव-गांव जायेगी और कुपोषित बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

# दोस्तों की तलाश

एक तरफ विपक्षी दलों में एकजुटता के प्रयास हो रहे हैं तो दूसरी ओर एनडीए ने भी नये साथियों की तलाश तेज कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की हाल में हुई तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की यात्रा से इसके पक्के संकेत मिले। बीजेपी लंबे समय से दक्षिण भारत में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भी उसने इस सिलसिले में तैयारियां शुरू कर दी हैं। वैसे भी उत्तर भारत में वह पिछले लोकसभा चुनाव में इतना तगड़ा प्रदर्शन कर चुकी है कि इस बार उसे दोहराना मुश्किल लग रहा है। इसलिए अगर उसे फिर से बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आना है, तो दक्षिण में सीटें बढ़ानी होंगी। इससे उत्तर भारत में सीटों की संख्या में संभावित कमी की भरपाई हो जायेगी। बीजेपी इस योजना पर कॉन्फिडेंस के साथ बढ़ भी रही थी, लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनावों से उसे झटका लगा। इसके बाद से कहा जा रहा है कि बीजेपी पहले जितनी ताकतवर नहीं रही। खैर, जो बात बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत साबित हुई है, वह यह कि हार हो या जीत, इससे निकले सबक को समझने और अपनाने में पार्टी देर नहीं करती। कर्नाटक में मिली हार के बाद भी बीजेपी यही कर रही है। वह दक्षिण में नये दोस्त बनाने की पहल कर रही है। टीडीपी नेता चंद्र बाबू नायडू काफी समय से बीजेपी के करीब आना चाहते थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व उन्हें घास नहीं डाल रहा था। वजह शायद यह थी कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले नायडू ने न केवल एनडीए को बाय-बाय कह दिया था, बल्कि उसके बाद बीजेपी लीडरशिप पर तीखे हमले भी किये थे। मगर बदले हालात में बीजेपी न सिर्फ उनके संकेतों पर पॉजिटिव रेस्पॉन्स देने लगी, बल्कि अमित शाह और नायडू की बैठक भी हो गयी। यही नहीं, यूपी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के नेता ओमप्रकाश राजभर के बेटे की शादी के मौके पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिख कर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। इसके बाद यह चर्चा शुरू हो गयी कि अगले लोकसभा चुनाव में एसबीएसपी फिर से एनडीए से जुड़ सकती है। माना जा रहा है कि दूसरे राज्यों में भी बीजेपी सहयोगियों की तलाश तेज कर सकती है। वह पहले इस तरह के कामयाब प्रयोग कर भी चुकी है। हालांकि ये कोशिशें क्या रंग लायेंगी, इस बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन इधर बीजेपी जो संकेत दे रही है, उससे इतना तो पता चल ही रहा है कि पार्टी नये दोस्तों का स्वागत करने के मूड में है।

**केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की हाल में हुई तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की यात्रा से इसके पक्के संकेत मिले। बीजेपी लंबे समय से दक्षिण भारत में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किंतु प्रभावपूर्ण प्रायोगिकों और उप-क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं, परंतु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इकोसिस्टम में उलझी हुई है।**

# डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं ग्लोबल साउथ में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति ला सकती हैं



**डॉ मनसुख मांडविया**



आज इंटरनेट के बिना हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें, जहां कंप्यूटर नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़े न हों। इस तरह की संपर्क रहित दुनिया में, एक देश के लोग ऐसी क्षमता के पुनः आविष्कार पर कार्य करना जारी रख सकते हैं, जिसे विश्व के दूसरे भाग में वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। लेकिन एक मानकीकृत इंटरनेट प्रोटोकॉल (आइपी) के बिना, वास्तविकता का हमारा संस्करण मूल रूप से ऐसी व्यवस्था से अलग दिखायी देगा, जिसके पास कई स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क तो हैं लेकिन प्लग-इन करने के लिए कोई समान मानक इंटरनेट सुविधा नहीं है। वास्तविकता का यह वैकल्पिक संस्करण उस प्रवाह के समान है, जिसका डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र आज सामना कर रहा है- विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के मुहाने पर मौजूद दुनिया इस मामले में अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व से एक मानकीकृत ढांचे और दिशा के साथ-साथ एक निर्णायक पहल की प्रतीक्षा कर रही है, ताकि इसके माध्यम से अरबों लोगों को लाभान्वित करने की क्षमता रखने वाले नवाचार को ग्लोबल साउथ में बढ़ावा देते हुए बनाये रखना सुनिश्चित किया जा सके।

**कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए।**

डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किंतु प्रभावपूर्ण प्रायोगिकों और उप-क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं, परंतु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इकोसिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं, जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है।

**डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की रूपरेखा तैयार करना- भारत में एक महान प्रयोग :** हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया, बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचायी गयीं और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था।

भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल आधार- कोविन, जहां एक ओर वैक्सीन की उपलब्धता और इसे लगाये जाने की व्यवस्था पर नजर रखता है, तो वहीं दूसरी ओर यह प्रत्येक लाभार्थी के कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण करने के अलावा वास्तविक टीकाकरण प्रक्रिया, टीकाकरण के प्रमाण के रूप में डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य सुविधाऐं भी प्रदान करता है। लोगों और व्यवस्था के बीच सूचना की विषमता को कम करते हुए, कोविन ने टीकाकरण अभियान को लोकतंत्रात्मक बनाते हुए यह सुनिश्चित भी किया कि सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की उपलब्धता को सुलभ बनाया जा सके। अमीर हो या गरीब, यह सभी के लिए टीकाकरण कराने का समान तरीका था और सभी टीका लगवाने के लिए एक ही कतार में खड़े थे। इस सशक्त साधन की क्षमता को देखते हुए, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे दुनिया के लिए एक भेंट के रूप में प्रस्तुत किया। इसी तरह से टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी, जिसके माध्यम से लोगों को अपने घर पर ही आरामपूर्वक डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिली, शीघ्र ही लोकप्रिय हो गया और इसके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परामर्श लिये गये।

डिजिटल रूप से सक्षम कोविड वार रूम ने लगभग वास्तविक समय पर ही हमें साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता की। एक विशेष निगरानी प्रणाली- कोविड-19 इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक वस्तु सूची की निगरानी भी की। आरोग्य सेतु, आरटी-पीसीआर ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से हमारे देश के डेटा को नीति में परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त किया जिसने हमारी कोविड-19 नीति प्रतिक्रिया को एक परिमाण के क्रम से मजबूत किया।

सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए, भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से रोगी अपने मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और इसे प्राप्त करने के अलावा उचित उपचार और उपचार उपरांत की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। यह रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी दिलाने में मदद करता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समान डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हमारे शिक्षण और संसाधनों को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि हमारे अनुभव उन्हें डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के लिए किए जाने वाले प्रयासों में मदद कर सकें। विश्व के इन क्षेत्रों में सुविधाओं से वंचित लोग अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों और नवाचारों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और इसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाव कवरेज का सपना साकार हो सकता है।

**वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम क्या है :** कॉपीराइट व्यवस्थाओं और स्वामित्व प्रणालियों ने डिजिटल समाधानों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। अधिकांश परिवर्तनकारी डिजिटल समाधान आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वे भाषा, सामग्री और उन तक पहुंचने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में असमान रूप से वितरित हैं।

प्रासंगिक डिजिटल सार्वजनिक सामान या ओपन-सोर्स समाधान मौजूद होने पर भी, उनकी उपयोगिता सीमित है, क्योंकि वे एक मंच, डेटा और नीति से बंधे हैं जिसके लिए कोई समान वैश्विक मानक नहीं हैं। इसके अलावा, डिजिटल स्वास्थ्य के लिए कोई व्यापक वैश्विक प्रशासनिक प्रारूप भी नहीं है जो विभिन्न प्रणालियों में पारस्परिकता का ध्यान रख सके।

डिजिटल स्वास्थ्य के संदर्भ में वैश्विक मानकों को निर्धारित करने के लिए कई स्वतंत्र प्रयास भी जारी हैं, लेकिन ये पहल एकाधिकार के तौर पर कार्य कर रही हैं, और लागू होने के लिए किसी भी समर्थन के बिना काफी हद तक असंगठित हैं। ये चुनौतियां अवसरों में बदल सकती हैं यदि हम एक वैश्विक समुदाय के रूप में एक प्रभावी एकल मंच पर सभी प्रयासों को समान रूप से साथ रखने का संकल्प कर सकते हैं। इस मामले में जी-20 प्रभावी रूप से डिजिटल स्वास्थ्य हेतु भविष्य के लिए दृष्टिकोण पर विचार करने और इसका निर्माण करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में तैयार है।

**जी-20 में भारत की अध्यक्षता एक डिजिटल स्वास्थ्य सफलता के लिए प्रयासरत :** कल्पना कीजिए कि अगर हम मानवता के लिए डिजिटल स्वास्थ्य के लिए एक प्रभावी वैश्विक प्रारूप बनाते हैं और उसे लागू करते हैं, तो इस असाधारण क्षमता को सबके लिए समान रूप से उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए हमें सामूहिक रूप से वर्तमान में जारी विभिन्न प्रयासों को डिजिटल स्वास्थ्य पर एक समान वैश्विक पहल में परिवर्तित करने के साथ-साथ एक शासन ढांचे को संस्थागत बनाने, एक समान प्रोटोकॉल पर सहयोग करने, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के रूप में स्वास्थ्य सेवा में आशाजनक डिजिटल समाधानों की पहचान करने और उनका विस्तार करने, विभिन्न विषयों और क्षेत्रों से सभी प्रासंगिक हितधारकों को एक साथ लाने के लिए संस्थाओं को स्थापित करने के अलावा वैश्विक स्वास्थ्य डेटा विनिमय के लिए विश्वास निर्माण और ऐसी पहलों को वित्तपोषित करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है जैसा कि दशकों पहले इंटरनेट के लिए किया गया था।

जी-20 की अध्यक्षता के अंग के रूप में, हम भारत में इनमें से कुछ मुद्दों पर आम सहमति बनाने और उन्हें संचालित करने के लिए एक व्यवहार्य व्यवस्था के साथ एक रोडमैप बनाने का प्रयास करेंगे, ताकि डिजिटल स्वास्थ्य की पूरी क्षमता को ग्लोबल साउथ देशों सहित पूरी दुनिया के लिए उपयोग किया जा सके। डिजिटल स्वास्थ्य में सफलता की गाथा लिखने के लिए हमें अपने संकीर्ण हितों से परे सामूहिक कल्याण को महत्व देना होगा और यह समझना होगा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज के मामले में 'ब्रह्मांड' हमारे अपने देशों की सीमा से कहीं अधिक विस्तारित है। संक्षेप में, जी-20 में हमारी इच्छा और कार्रवाई 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावपूर्ण प्रेरणा से जुड़ी है जिसका अर्थ है कि ब्रह्मांड एक परिवार है और उस परिवार के लिए, ब्रह्मांड के लिए किसी भी कीमत पर स्वास्थ्य की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# नरेंद्र मोदी विचार मंच ने निःशुल्क आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी वीर मंच अखाडा के कार्यालय में नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक अभय सामंत, विशिष्ट अथिति नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा, सम्मानित अतिथियों में प्रदेश संयोजक आश्वनी कुमार झा,प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा, वीर मंच अखाड़ा के सचिव दीपक यादव, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह और जिला महामंत्री नितीश राय शामिल हुए। अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। मौके पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा ने बताया बीते 11जून को सोनारी वीर मंच अखाडा के कार्यालय में नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा आयुष्मान कार्ड के लिए निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया था। कैम्प के माध्यम से 120 लोगों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया गया था। मंगलवार को शिविर के माध्यम से सभी जरूरतमंद लोगो के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अभय सामंत ने कहा नरेंद्र मोदी विचार मंच के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड प्रत्येक परिवारों के लिए जीवन का रक्षक साबित होगा।आयुष्मान कार्ड देश के हर गरीब के लिए स्वास्थ्य कि गारंटी हैं। जिला अध्यक्ष रितेश सिंह ने कहा कैम्प के माध्यम से शहर के जरूरतमंद लोगों का जीवन सिक्योर सुरक्षित करने का एक प्रयास है। बहुत से गरीब परिवार जागरूकता और पैसे के आभाव में अपना कार्ड नहीं बना पा रहें थे। मंच ने इन सभी लोगों का निःशुल्क कार्ड बनाने का काम किया। आगे भी इस तरह के कैम्प लगाकर लोगों को मदद पहुँचाने का काम किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षा योजना का अहम हिस्सा है। जिसके द्वारा गरीब और वंचित लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं का निःशुल्क लाभ प्रदान किया जाता है। इसके माध्यम से, लाभार्थियों को अस्पतालीय खर्च, निदान, दवाएं और अन्य चिकित्सा सेवाओं के लिए आर्थिक सहायता मिलती है। मंच संचालन प्रदेश सांगठन मंत्री सुजीत वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री नितीश राय के द्वारा किया गया।

# होमगार्ड लोक सेवक संघ को हरसंभव मदद : बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश समिति की बैठक रांची में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अथिति कांग्रेस के पूर्व विधायक बंधु तिर्की शामिल हुए। गृहरक्षकों के द्वारा माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर कमल शर्मा के नेतृत में गृहरक्षको के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधायक को प्रार्थना पत्र समर्पित किया। इस अवसर पर उन्हें गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के मुख्य संरक्षक का पद स्वीकार करने के लिए आग्रह किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने मुख्य संरक्षक का दायित्व निर्वाहन करने के लिए स्वीकार कर ली। इसके पश्चात संघ के प्रतिनिधियों ने उनको पुष्पगुच्छ देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारका नाथ दुबे ने राज्य स्तर पर गृह रक्षकों की उत्पन्न समस्याओं व कठिनाइयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा राज्य के 24 जिले के होमगार्ड कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। प्रत्येक जिला कार्यालय में बिचौलियों की भरमार है। इन के माध्यम से खुलेआम रिश्वत वसूली की जाती है। विरोध करने वाले गृह रक्षकों को प्रताड़ित किया जाता है। नाना प्रकार के आरोप लगाकर कर्तव्य से विरमुक्त करने का काम निरंतर जारी है। उन्होंने गृहरक्षको के परेशानी पर अंकुश लगाने के लिए गुहार लगाई। श्री दुबे ने बताया समान काम का समान वेतन को लेकर डब्ल्यू पी एस केस नंबर 582/2017 झारखंड उच्च न्यायालय में मामला दर्ज किया गया था। झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा 25 अगस्त 2017 को न्यायिक निर्णय पारित किया गया था। इस निर्णय के विरुद्ध झारखंड सरकार के द्वारा केस नंबर एलपीए 27220/18 झारखंड उच्च न्यायालय में दायर किया गया। न्यायालय द्वारा इस को खारिज करते हुए 12 जनवरी 2023 को न्यायिक निर्णय पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद झारखंड सरकार के द्वारा इस मामले पर अब तक कोई न्यायिक निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसकी सुविधा गृह रक्षकों को दी गई। उन्होंने अनुरोध करते हुए गृहरक्षको की बाते राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाने की अपील की। ताकि राज्य के गृह रक्षकों को समान काम का समान वेतन की सुविधा मिल सके। मौके पर पूर्व विधायक ने सारी बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद गृह रक्षकों की मांग को न्यायोचित बताया। उन्होंने कहा कि इसका हक एवं अधिकार गृह रक्षकों को मिलना चाहिए। सभी संगठनात्मक एकता बनाए रखें। न्यायोचित मांग को सरकार के समक्ष रखकर इसका निदान करवाने का यथासंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गृहरक्षकों के दुख दर्द और संघर्ष के साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर संघ के प्रतिनिधि व सदस्यों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट की। बैठक में गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार तिरिया,उपाध्यक्ष रिंकेश कुमार यादव, प्रदेश सचिव द्वारकानाथ दुबे,प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष हरेराम सिंह, कार्यालय सचिव हिमांशु देवगम, संगठन सचिव गयासुद्दीन, महिला प्रदेश अध्यक्ष कांति देवी सहित मंटू सिंह, राजन महतो, कामेश्वर पंडित, देवेंद्र सिंह, किशन माझी, विरसा भेगारा, संतोष तिवारी, उपेंद्र कुमार राम के अलावा काफी संख्या में गृहरक्षक गण उपस्थित रहे।

# भाजपा के सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित सम्मेलन में महाराष्ट्र के विधान पार्षद राम शिंदे, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री सह महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह क्लस्टर प्रमुख जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव शामिल हुए। मौके पर महाराष्ट्र सरकार के विधान पार्षद राम शिंदे ने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। देश और सरकार के प्रति विपक्ष की सोच हमेशा नकारात्मक रही है।जबकि मोदी सरकार सकारात्मक सोच के साथ विकास कार्यो में लगी है। उन्होंने संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में सभी मोर्चों के कार्यकताओं और पदाधिकारियों से महाजनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं का आह्वान किया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में देश में सेवा, सुशासन और सशक्त सरकार के रूप में फिरसे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जा सके। सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। बूथ स्तर पर कार्यकताओं को और मजबूत होना होगा। कार्यकताओं के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का काम करें। उन्होंने वर्तमान हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा केंद्र सरकार के कई योजनाओं में राज्य सरकार का रवैया निराशाजनक रहा है। राज्य में विकास कार्य ठप्प है। वहीं केंद्रीय योजनाओं में राज्य सरकार का अपेक्षित सहयोग नही मिल रहा है। मंच संचालन जिला मंत्री जितेंद्र राय, स्वागत भाषण किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी ने किया। मौके पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदीप महतो,जितेन्द्र राय,नीलू मछुआ, विमल बैठा, मुचीराम बाउरी,अमित अग्रवाल,अजीत कालिंदी,धर्मेंद्र प्रसाद,ज्योति अधिकारी,निसार अहमद,प्रधान चंद्र महतो,शांतनु मुखर्जी, मंटूचरण दत्ता, सहित सभी मंडल अध्यक्ष,जिला पदाधिकारी,मंडल कार्यसमिति सदस्य समेत मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उपप्रमुख ने इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन के खिलाफ उपायुक्त से की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** गम्हरिया प्रखंड के उपप्रमुख कियाम हुसैन ने उपायुक्त को पत्र लिखकर सरायकेला अंचल के विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन के रविंद्र नाथ मोहंती के खिलाफ उपायुक्त से शिकायत की। उन्होंने कहा कि सरायकेला में बीएड कॉलेज के तीन मंजिला भवन के निर्माण का आधा हिस्सा कॉलेज की अपनी जमीन पर तथा आधा हिस्सा सरकारी जमीन पर है। उपप्रमुख ने कहा इस मामले में सुनवाई नहीं होने पर वे उच्च न्यायालय रांची में याचिका दायर करेंगे। उन्होंने कहा इसकी कई बार शिकायत भी की गई। लेकिन अभी तक बीएड कॉलेज के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मंत्री मिथिलेश आज करेंगे एक साथ 400 योजनाओं का मेगा शिलान्यास, तैयारी पूरी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में गढ़वा प्रखंड के डुमरो, नारायणपुर गांव में एनएच 75 बाईपास के समीप बुधवार को एक साथ करीब 400 योजनाओं का मेगा शिलान्यास किया जाएगा। इन योजनाओं का शिलान्यास मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि इस मेगा शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कल्याण विभाग, भवन निर्माण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की लगभग 400 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि योजनाएं बहुत सारी हैं। समयाभाव के कारण इनका शिलान्यास नहीं हो पा रहा था। अब एक ही साथ सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे शिलान्यास पर विशेष फोकस नहीं करते हैं। बल्कि जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो यही उनकी प्राथमिकता होती है।

### शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को कला एवं वाणिज्य के विषयों में मान्यता मिलने पर दी बधाई




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय नगर पंचायत वार्ड 15 अधौरा में स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को सरकार के द्वारा कला एवं वाणिज्य के विषयों में मान्यता दे दी गयी है। शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय एवं सरकार के द्वारा मान्यता मिलने के बाद श्री बंशीधर नगर पंचायत अंतर्गत पहला डिग्री महाविद्यालय के रूप में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज अपना नाम दर्ज कर लिया है। जानकारी देते हुए शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि आप सभी के सहयोग से नगर पंचायत शहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अधौरा में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई, जिसकी मान्यता सरकार एवं विश्वविद्यालय से मिल चुकी है। मैं सरकार एवं विश्वविद्यालय को भी मान्यता प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्व में शहरी क्षेत्र अंतर्गत टी डी एम इंटर कॉलेज की स्थापना की गई थी। जिसमें कला वाणिज्य एवं विज्ञान की पढ़ाई सुचारू रूप से हो रही है। गुणवत्तापूर्ण एवं अनुशासित रूप से शिक्षा प्रदान करना संस्था का पहला लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचा मुकाम हासिल करने में सफलता हासिल करेगा। वहीं अधौरा स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय एवं सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त करने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। शिक्षा प्रेमियों ने मान्यता मिलने पर सचिव एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुनेश्वर सिंह, माणिक चंद्र शुक्ल, सिधेश्वर लाल अग्रवाल, वरिष्ठ व्यवसाई गोकुल प्रसाद आढ़त, विजय सिंह (सलसलादि,) राजेश्वर प्रताप देव, कमलेश्वर पांडे, शिवधारी राम, वरिष्ठ व्यवसाई विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र कुमार चौबे आचार्य श्रीकांत मिश्र, राजू सिंह, मथुरा पासवान, राणा प्रताप सिंह, गदाधर पांडे, श्याम बिहारी शुक्ला, रामानंद पांडे, प्रेम शुक्ला, शंभू शुक्ला, सुनील चौबे, वकील चौबे, शिवनारायण चौबे, संतोष प्रसाद, लोहा दुकान, सुरेंद्र नाथ चतुर्वेदी, उदय प्रताप देव, कुमार कनिष्क, महेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, विजय देव, अनुपम चतुर्वेदी, शैलेंद्र कुमार चौबे, धनंजय कुमार देव, सुरेश्वर प्रताप देव, ब्रजकिशोर देव, इंद्र प्रताप देव, विनय प्रताप देव, गिरजा गणेश देव, प्रभात कुमार देव, विनोद कुमार देव, राम परिखा राम, रामाधार राउत, विंध्याचल शुक्ल, राम जन्म राम, राजेश शर्मा, नागेंद्र पासवान, उपेंद्र तिवारी, धनंजय कुमार, सुरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद अनिल कुमार चंद्रवंशी, विकास पाल, अमन देव, ललित पासवान, विनोद मेहता, आशीष शुक्ला, वरुण कुमार पांडे, उमेश सिंह, पंकज पासवान, अमरेश यादव, रजनीश कुमार, टूटू सिंह, अमित कुमार सिंह, विवेक सिंह, शैलेंद्र देव, राजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार, दिलीप कुमार, राम पवन पासवान, विकास सिंह, रजनीश पाल, प्रवीण कुमार, रजनीश पाल सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** रंका प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

## सभी के प्रयास से होगा टीबी का उन्मूलन : मिथिलेश ठाकुर

**मंत्री ने सीएचओ बहनों को सम्मानित किया एवं टीबी रोगियों के बीच किया पोषाहार फूड बास्केट का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम गढ़वा के तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण में सीएस डॉ अनिल कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य में टीबी रोगियों के एक्टिव केस 44000, गढ़वा जिला में 850 एवं रंका प्रखंड में 201 हैं। उन्होंने कहा कि 1992 से लगभग 30 वर्ष कार्यक्रम चला किंतु वांछित सफलता नहीं मिली। तब से इस कार्यक्रम का नाम राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम स्थाई रूप से पूरे देश में चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य टीबी मुक्त पंचायत बनाना है और इसमें मुखिया और सीएचओ को मुख्य रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से ही यक्ष्मा टीबी रोग का उन्मूलन हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सिर्फ मुखिया और सीएचओ के भरोसे छोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह रोग अक्सर गरीबी और कुपोषण से होता है। इसके लिए सरकार की ओर से टीबी रोगी को निःशुल्क जांच, मुफ्त इलाज, निःशुल्क दवा और पोषाहार के लिए प्रति माह पांच सौ रुपए दिए जाते हैं। टीबी के मरीज दवा की कोर्स को पूरा करें तभी यह रोग जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस दिशा में गढ़वा जिला पूरे झारखंड में नंबर वन है। इसके लिए गढ़वा सीएस को मंत्री ने बधाई दी है। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सीएचओ भाईयों बहनों को सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर टीबी के मरीजों के बीच पोषाहार फूड बास्केट का वितरण भी किया।

मौके पर रंका अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, अंचल पदाधिकारी शंभू राम, रंका सीएचसी के डॉ गोपाल प्रसाद, डॉ गोरखनाथ पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष, रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, रंका बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, जिला पार्टी प्रवक्ता धीरज दूबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया मालती देवी, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा सचिव पप्पू यादव, चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, मुमताज अली रंगसाज, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, द्वारिका आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा-रंका विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन 15 जून को

**भाजपा को सशक्त बनाने के लिए सभी मोर्चा के कार्यकर्ता एक साथ संयुक्त सम्मेलन में शामिल होंगे : रितेश चौबे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर 15 जून को जिला मुख्यालय पर गढ़वा रंका विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल से भाजपा के सभी सातों मोर्चा जिसमें युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही सभी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पदाधिकारी जिलाध्यक्ष जिला पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य भी संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा को सशक्त बनाने के लिए सभी मोर्चा के कार्यकर्ता एक साथ संयुक्त सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला के वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में मोदी सरकार के नव वर्ष पर योजनाओं के बारे में चर्चा वर्तमान झारखंड की स्थिति को लेकर मंथन किया जाएगा। झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के वर्तमान हालात पर चर्चा कर आगामी योजना की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मोदी सरकार के द्वारा चलायी गयी योजना जनहित में चलायी गयी योजना है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला मंत्री संजय जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल राम उनय तिवारी, राम सकल कोरवा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं को एसआइएस देगा रोजगार

**14 जून से एक जुलाई तक सभी प्रखंडों में लगाया जा रहा है बहाली कैंप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला प्रशासन के सहयोग से सिक्यूरिटी स्किल्स कॉन्सिल ऑफ इंडिया एवं सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज लि. द्वारा गढ़वा जिले के सभी प्रखंड परिसर में बहाली कैंप लागाया जा रहा है। 14 जून को खरौंधी थाना परिसर, 15 जून को केतार थाना परिसर, 16 जून को कांडी थाना परिसर में, 17 जून को भवनाथपुर थाना परिसर में, 18 जून को विशुनपुरा थाना परिसर, 19 जून को मंझिआंव, 20 जून को धुरकी थाना परिसर, 21 जून को नगर उटारी थाना परिसर, 22 जून को रमना थाना परिसर, 23 जून को डंडई थाना परिसर, 24 जून को मेराल थाना परिसर, 25 जून को चिनिया थाना परिसर, 26 रंका को थाना परिसर, 27 जून को भंडरिया थाना परिसर, 28 जून को रमकंडा थाना परिसर, 29 जून को डंडा थाना परिसर, 30 जून को बरडीहा थाना परिसर, 01 जुलाई को गढ़वा थाना परिसर में कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें जवानों का शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और आवेदन फॉर्म शुल्क रुपए 350 लिया जाएगा, जिसकी जीएसटी सहित रसीद भी दी जाएगी। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेन्ट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में आने पर उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद उनके एक माह की ट्रेनिंग के लिए ट्रेनिंग किट और भोजन के लिए अभ्यर्थी से शुल्क लिया जाएगा। एक माह का भोजन, आवासन और कीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें पीटी, ड्रील, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज लि. में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी।

## किरण देवी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

### हत्या में प्रयुक्त खून लगी कुल्हाड़ी बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** किरण देवी हत्याकांड का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। ज्ञात हो कि हत्या करने वाले व्यक्ति को लेकर मंगलवार को भवनाथपुर थाना पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार की अध्यक्षता में भवनाथपुर थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्याकांड का खुलासा किया गया। कान्फ्रेंस से मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले पर 4/5 जून 2023 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किरण देवी 40 वर्ष, पति सुनेश्वर राम की हत्या कुल्हाड़ी से गर्दन पर वारकर कर दी गई थी। उक्त हत्याकांड का अभियुक्त मनोज कुमार रजवार 35 वर्ष, पिता स्व. विफन रजवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संबंध में बताया कि मृतका किरण देवी, पति सुनेश्वर राम अपने पूर्व के पड़ोसी मनोज रजवार, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व. विफन रजवार, मझिगावां गांव के सवंडीह टोला निवासी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परंतु बाद में अपने पूर्व प्रेमी मनोज रजवार को छोड़कर ग्राम मझिगावां, अकड़हवा टोला निवासी जयराम शर्मा, पिता बाचा शर्मा से प्रेम करने लगी। यह बात पूर्व प्रेमी मनोज रजवार को रास नहीं आयी और इसी बात को लेकर मृतका किरण देवी के साथ अक्सर विवाद होता था। 4/5 जून की रात्रि में मृतका किरण देवी की सोयी हुई अवस्था में ही पूर्व प्रेमी मनोज रजवार, पिता स्व. विफन रजवार के द्वारा आक्रोश में मृतका के घर आकर धारदार कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई। इधर पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गयी खून लगी कुल्हाड़ी व खून का धब्बा लगा हुआ सफेद - काला चेकदार फूल शर्ट बरामद किया है। उक्त अनुसंधान एवं छापेमारी दल में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, भवनाथपुर अंचल पु.नि. कृष्णा कुमार, पु.अ.नि. हरिहरपुर ओपी कुंदन कुमार सिंह, पु.अ.नि रामभरोसा शर्मा, पु.अ.नि पतरस भेंगरा, पु.अ.नि कामदेव महतो तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

## पिपरा खुर्द गांव में बंद घर से लगभग नौ लाख रु. नगद और जेवर की चोरी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के चिनिया रोड नहर चौक पिपरा खुर्द गांव में रविवार की रात्रि चोरों ने दो घरों से लगभग नगद व जेवरात सहित लगभग 9 लाख की चोरी कर ली है। घटना के बाद पीड़ित ने सदर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि संतोष कुमार पांडे फौजी के रूप में कार्यरत हैं। संतोष कुमार पांडे की ड्यूटी बाहर किसी अन्य शहर में है। पिपरा खुर्द में स्थित संतोष कुमार पाण्डे के मकान में एक किराएदार धनंजय कुमार रहते हैं। वो भी सीआरपीफ में कार्यरत हैं। धनंजय कुमार पूरे परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। धनंजय कुमार भी 8 जून को अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में पूरे परिवार के साथ गये हुए थे। जब 12 जून को धनंजय कुमार अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर चैनल गेट में लगे ताले टूटे हुए हैं। जिसके बाद धनंजय कुमार ने घटना की सूचना अपने मकान मालिक संतोष कुमार पांडे को दी। उसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर वह घर में गये। जहां उन्होंने पाया कि धनंजय कुमार के रूम की अलमीरा सहित सभी सामान बिखरा पड़ा है। जिसके बाद मकान मालिक के एक रिश्तेदार जब उनकी रूम की तलाशी करने लगे तो उनके भी दो रूम का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जब वे रखा हुआ सामान ढूंढने लगे तो संजय कुमार पांडे के रूम में रखें 25 हजार नगद, पांच सोने की अंगूठी, दो सोने की चेन, एक सोने की हार, सोने की कान का झुमका, लटकन सहित अन्य सामान गायब हैं। जबकि धनंजय कुमार के रूम में रखे 67 हजार नगद, एक सोना का गले का हार, एक कान का झुमका, कान का लटकन, चांदी के अन्य सामान अलमीरा से गायब हैं। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने सदर थाना में आवेदन देकर चोरों पर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार**

**निविदा रद्द करने की सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल का अति– अल्प कालीन निविदा सूचना सं0–DWSD/LTR/WSS/IRR-03/2023-24 दि0–31-05-2023 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No-298764 Drinking Water and Sanitation(23-24)D से प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार।

PR.NO.299886 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


**कार्यक्रम :** 'हेल्थ एंड वेलनेस' विषय पर आरकेवीएस में दूसरी इनहाउस कार्यशाला का आयोजन

## स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं: अलखनाथ पांडेय

**कार्यशाला में साधनसेवी के रूप में देवेन्द्र सिंह, पूनम राय और अमर कुमार ने संबंधित विषय पर अपने अनुभवों और विचारों को साझा किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को आरकेभीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए दूसरा इनहाउस कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी, मझिआंव और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित करके किया।

उन्होंने कार्यशाला के विषय पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। किसी भी शिक्षण संस्थान के उत्तरोत्तर विकास के लिए वहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, लेकिन आजकल कम उम्र में ही लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसका प्रमुख कारण गलत तरीके से खान-पान अर्थात जंक फूड का अत्यधिक सेवन और शारीरिक श्रम से दूरी बनाए रखना है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि वे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शारीरिक श्रम करने के लिए प्रेरित करें। स्कूल अपने स्थापना काल से ही बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराते आ रहा है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योगा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। समय समय पर हेल्थ एंड हाइजिन की परीक्षा व शिक्षकों के द्वारा नियमित लंचबॉक्स, बाल, नाखून और यूनिफॉर्म की साफ-सफाई की जांच होती रहती है। इस कार्यशाला का एकमात्र उद्देश्य है कि बच्चों के अंदर साफ-सफाई, संतुलित खानपान और शारीरिक श्रम के प्रति जागरूक बनाये रखना है।

कार्यशाला का विषय 'हेल्थ एंड वेलनेस' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रूप में आरकेपीएस गढ़वा से देवेन्द्र सिंह, पूनम राय और आरकेपीएस अधौरा से अमर कुमार थे, जिन्होंने संबंधित विषय पर अपने अनुभवों और विचारों को विस्तार से साझा किया।

देवेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों से फ्रेंडली स्वभाव रखते हुए उन्हें अपने विचारों व बोलने की आजादी देनी चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास हो सके। डराकर कार्य करा लेने से उनके अंदर नाकारात्मक विचार उत्पन्न होने लगते हैं।

अमर कुमार ने युवावस्था में होनेवाली शारीरिक बदलाव और बच्चों में होनेवाली हीन भावना के समाधान पर फोकस किया। लैंगिक समानता, पोषण, स्वच्छता और अनुशासित दिनचर्या की जानकारी को साझा किया। पूनम राय ने संबंधित विषय पर एक्टिविटी कराते हुए बिमारियों से बचने और जीवन को निरोग व सुखी बनाने पर फोकस किया। कार्यशाला में श्रीमती प्रियंका बर्मन, जेपी नारायण, संतोष पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, एलके ओझा, प्रमोद झा, राजेश पाण्डेय के साथ-साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के एसटीएनसी राज कुमार व ट्रेनिंग कोर्डिनेटर शहेला खान ने किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/05/2023-24
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Conference Hall **(Part-1)** on 1st floor of (New Collect orate Extension Building-1) located near erstwhile ITDA Bhawan now called as New Collect orate, **Gumla**, Block- Gumla, District- Gumla | 23,78,500.00 | 47,600.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of Conference Hall **(Part-2)** on 1st floor of (New Collect orate Extension Building-1) located near erstwhile ITDA Bhawan now called as New Collect orate, **Gumla**, Block- Gumla, District- Gumla | 12,06,100.00 | 24,200.00 | 2500.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2023 से दिनांक 28.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.07.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषत होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 299877 Rural Development (23-24)_D

## बरही में संक्रमित मरीजों की जांच हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन प्लेटफॉर्म कार्यक्रम के द्वारा संक्रमित मरीजों की जांच त्वरित निगरानी दल के द्वारा ग्राम बरही में किया गया। स्वास्थ्य केंद्र भुजरिया की एएनएम रेखा कुमारी एवं स्वास्थ्य केंद्र बरही की एएनएम तिलोत्तमा देवी के द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जांच हेतु दल के सदस्यों के द्वारा फीवर विटनेसेस की जांच आरंभ की गई। जांच टीम के सदस्य में जिला एपीडे मालाजिस्ट प्रशांत चौहान, डाटा एंट्री ऑपरेटर विमलेश कुमार, डाटा प्रबंधक राकेश भूषण, लैब टेक्नीशियन विष्णु केसरी और आलोक मींज आदि सदस्यों के द्वारा वहां के आसपास के लोगों को सावधानियों के बारे में बताया गया कि यह एक संक्रमित रोग है। इसमें साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। अकरांत रोगियों के संपर्क से लोगों को दूरी बनाए रखना चाहिए। अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मौके पर सेन्हा के एमटीएस इंचार्ज गंदूर उरांव एवं संबंधित क्षेत्र के एमपीडब्ल्यू विराज तिर्की भी उपस्थित थे।

### पेशरार के झमटबार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन

# पूरे राज्य का हो रहा विकास : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में राज्य सरकार की ओर से जनहित में उतारी जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने और जनता से सीधा मुखातिब होने को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए सूबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जनता की समस्याओं से अवगत होते हुये निराकरण कराने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों को निर्देश दिया। मंत्री के द्वारा पेशरार प्रखंड के झमटबार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का फीता काटकर और नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इसी तरह प्रखंड मुख्यालय के समीप कानीटोली में नवनिर्माण हेतु चयनित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन के भूमि पर पाहन पुजार की अगुवायी में पुजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के साथ सांस्कृतिक विरासत को बचाना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गांव में सरकार की कल्याणकारी योजना, प्राथमिक सुविधा और सांस्कृतिक विकास का समावेश आधुनिक युग में अति आवश्यक है, ऐसे में आदिवासी समाज और संस्कृति के लिए हमारी सरकार के द्वारा पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों पर विकास का कार्य हो सके इसके लिए सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि विधायक मद से पेशरार प्रखंड के 27 गांव में आदिवासी संस्कृति त्योहार को बेहतर ढंग से मनाये जाने हेतु अखाड़ा का निर्माण कार्य मेरे द्वारा कराया गया और बाकी बचे अन्य गांवों में भी कराया जा रहा है। जिससे आदिवासी समाज का विकास हो सके। जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आये आवेदनों पर मंत्री ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों को त्वरित कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि हमारी सरकार गांव की सरकार है, और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ चहुंमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि जिले के प्रत्येक का प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। जिससे ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर यथाशीघ्र निपटारा प्राथमिकता के साथ करा सकें। इधर लोहरदगा विधायक सह वित्त राज्य मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने पेशरार प्रखंड क्षेत्र का दौरा के क्रम में पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि पेशरार प्रखंड क्षेत्र में संचार की सुविधा बहाल कराने की दिशा में सार्थक पहल किया जा रहा है जल्द ही पेशरार प्रखंड क्षेत्र की जनता को नेटवर्क की समस्या से निजात मिलेगी।

**पेशरार में मंत्री आये बिजली आई, मंत्री गये बिजली गयी**

लोहरदगा जिले में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था आम बात हो गई है, सबसे मजेदार बात तो यह है कि पेशरार प्रखंड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से बिजली महारानी गुल थी लेकिन सूबे के वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के आगमन की सुगबुगाहट जैसे ही बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को हुई पेशरार प्रखंड क्षेत्र में निर्वाध बिजली व्यवस्था बहाल करा दिया गया। इस बीच ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही सूबे के मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव अपने पेशरार प्रखंड में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम से जिला मुख्यालय के लिए निकले वैसे ही फिर से बिजली महारानी पेशरार क्षेत्र से गुल हो गयी। जिससे क्षेत्र के लोगों में बिजली विभाग के रवैया से आक्रोश व्याप्त है।

**मंत्री के आगमन पर इन्होंने की शिरकत**

मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के पेशरार प्रखंड आगमन पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, रोहित उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, पेशरार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, किस्को प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, सेवादल अध्यक्ष शंभू प्रजापति, दीपक महतो, कांग्रेस पार्टी के सभी पंचायत अध्यक्ष प्रशासनिक पदाधिकारी और कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## लोहरदगा में भर्ती कैंप का आयोजन 15 को

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दिनांक 15/06/2023 को कार्यालय जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वीएसएस इंटरप्राइजेज, होंडा प्लांट, बंगलोर द्वारा योग्य युवाओं का साक्षात्कार लिया जायेगा। इसमें वेल्डर, ऑपरेटर, प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव, क्वालिटी इंस्पेक्टर और मेंटेनेंस ऑफिसर के कुल 2 हजार रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा जिसमे अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई पास (किसी भी ट्रेड), 12वीं पास, स्नातक पास है और उम्र 18-30 वर्ष होनी चाहिए। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैंप में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों और उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02 (दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुन: निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अत: साक्षात्कार, रिक्ति और सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह द्वारा दी गयी।

## पेयजल और स्वच्छता विभाग की बैठक संपन्न

लातेहार (आजाद सिपाही)। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मरम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ संलग्न करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जल जीवन मिशन के समन्वयक, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में शिक्षण संस्थान जन शिक्षण संस्थान के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उद्यमिता विकास के श्रम नियोजन, बाजार सर्वे, बाजार प्रबंधन डिजिटल मार्केटिंग समेत अन्य विषयों पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक बेरोजगार महिला पुरुष युवक युवतियां को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन उधमिता विकास योजना के निदेशक डॉक्टर पूनम सिन्हा की देखरेख में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार, कौशल कुमार पिंटू कुमार, सूरज कुमार शामिल है।

# सीओ और जीएम के प्रयास से रैयतों को मिला मुआवजा

### तेतरियाखांड़ परियोजना में सीसीएल ने घर हटाने के बदले दिया मुआवजे का चेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ में राजहरा एरिया अंतर्गत सीसीएल की तेतरियाखांड़ परियोजना में मंगलवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम के नेतृत्व में सीसीएल जीएम महाप्रबंधक कमल मांझी, विस्थापित मजदूर नेता गिरधारी यादव ने 3 भु रैयतो को घर हटाने के बदले 600000 तथा एक को 8,35311 रूपये का चेक प्रदान किया गया। चेक को जीएम और बालूमाथ सीओ आफताब आलम के हाथों दिया गयो। महाप्रबंधक कमल मांझी ने दैनिक आजाद सिपाही को बताया की काफी दिनो से तेतरियाखांड़ परियोजना मे जमीन के अभाव के कारण ओवी का डंप करने साथ साथ कोयला उत्पादन में काफी परेशानी होता आ रहा था जो अब परेशानी समाप्त हो गया है। वहीं सीसीएल अधिकारी कोयला उत्पादन लक्ष्य को पुरा कर पाने मे सफल होंगे। महाप्रबंधक कमल मांझी ने तेतरियाखांड़ परियोजना के अंतर्गत आनेवाले सभी भुत रैयतो से अपील किया है कि अविलंब बालूमाथ अंचल कार्यालय से भुमि का सत्यापण करा कर सीसीएल को भुमि दे और शांति पूर्वक मुआवजा और नौकरी ले। बता दें कि सीसीएल तेतरियाखांड़ परियोजना के द्वारा जिन्हे मुआवजा के रूप में चेक दिया गया है उनमे बंधन भुईयां को 8,35311, सकेन्दर भुगतान को 6,00000 विंदेश्वर भुईयां को 6,00000 तथा फुलचंद भुईयां को 6,00000 रुपया राशि का चेक देकर उनके उपस्थिति में ही सीसीएल अधिकारियो ने लोडर मशीन से घर खाली कराया गया। मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, महाप्रबंधक कमल मांझी, एसओ एस एन प्रसाद, पीओ इंचार्ज विनोद कुमार दीपक, नौडेल आंफीसर आर के वेहरा, माइंचर्ज मे चतुवेर्दी, स्टाफ आंफीसर ओपी कटारिया, विस्थापित मजदूर नेता गिरधारी यादव, सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## कस्तूरबा की छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का मान




**मनिका (आजाद सिपाही)। 11वीं आटर्स परीक्षा 2023 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मनिका की छात्राओं अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुये 100% सफलता प्राप्त की इस वर्ष विद्यालय से कुल 64 छात्रायें 11वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमे से 100% छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 03 टॉपर छात्रायें: -1.ज्ञानती कुमारी 79.6%, 2.ज्योति कुमारी 79.2%, 3.गुंजा कुमारी 78.4%। इस वर्ष जेएसी द्वारा आयोजित वर्ग- 8, 9 और 11 के साथ -साथ मैट्रिक और इंटर की सभी परीक्षाओं में विद्यालय की 100% छात्रों ने सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित करने का कार्य किये है।**

# केसीसी आवेदन समय पर निबटायें

### प्रखंड कार्यालय में बीएलडीसी की बैठक में एलडीएम का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीएलडीसी की तिमाही बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता एलडीएम शांति टोप्पो एवं बीडीओ राकेश सहाय ने संयुक्त रूप से किया।वही एलडीएम ने कहा कि डीएफएस के निर्देश पर चल रहे साप्ताहिक क्रेडिट कैंप में आये आवेदनों का निष्पादन का कार्य त्वरित कर लाभुकों को ऋण प्रदान करने की बात कही।वही किसान से संबंधित योजना के आवेदनों का लिखित निष्पादन करना है। पीएम सम्मान निधि किसानों को केसीसी ऋण का वितरण निष्पादन जल्द करना है जिन शाखाओं में पीएम इजिएसवाई के आवेदन है। उन्हें लक्ष्य के अनुरूप निष्पादन करने को कहा गया बैंकों के द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों को ही ऋण वितरित करना है।बढ़ते हुए बैंकों के एनपीए को कम करने के लिए सभी बैंक संयुक्त ऋण वसूली कैंप प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीओ के सहयोग से किए जाने की बात कही।साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए केसीसी लोन को 15 दिन के अंदर में सेंशन करने की बात कही व विभिन्न विद्यालयों के 10 से अधिक उम्र के बच्चो का जल्द से जल्द खाता खोलने का भी निर्देश दिया गया। वही मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी डीडीएम नाबार्ड लातेहार एसबीआई शाखा प्रबंधक बरवाडीह पीएनबी शाखा प्रबंधक बेतला इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक छिपादोहर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक बरवाडीह मौजूद रहे।

## अपहृत नाबालिग 18 दिन बाद बरामद

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र से अगवा एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को कुडू थाना पुलिस ने 18 दिन बाद रामपुर के नजदीक बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि बीते 23 मई को नाबालिग अपने घर से जिमा चौक गयी थी। इसके बाद लडकी के पिता ने कुडू थाना में आवेदन देकर लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसका कुडू थाना कांड संख्या 69/2023 धारा 363, 366ए दर्ज कर मामले के अनुसंधान में जुट गयी। इस दौरान पुलिस ने सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू निवासी फारूक अंसारी के पुत्र मोइन अंसारी, स्व जाफत अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी, स्व हुसैन अंसारी के पुत्र सेराजुदीन अंसारी को हिरासत में लिया था। गिरफ्तार एक आरोपी के पास से अपहृत का मोबाइल भी बरामद किया गया। लेकिन नाबालिग का आरोपियों ने कोई सुराग पुलिस को नही दिया । पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों जेल भेज दिया गया। लेकिन जब नाबालिक बरामद हो गयी तो अगवा और दुष्कर्म करने में जेल भेजे गए आरोपियों ही मामले में संलिप्त मिले।

## पेयजल की समस्या को लेकर उपायुक्त के नाम लिखित मांगपत्र सौंपा



कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के मेम्बर प्रखंड अध्यक्ष महताब आलम की अगुवाई मे मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो से मिलकर उपायुक्त के नाम लिखित मांगपत्र सौपते हुए सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई कराने, पेयजल कर्मियों के छह माह से बकाया मानदेय का भुगतान कराने, कैरो में जल सहिया चयन कराने, नयी संचालन समिति का गठन कराने, नियमित बिजली आपूर्ति करवाने की मांग की गयी। मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा इस सबंध में उपायुक्त महोदय को अवगत करा दी जायेगी साथ ही साथ समस्यायों के निदान को लेकर सकारात्मक पहल की जायेगी। मौके पर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी, समीद अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सचिव खुर्शीद अंसारी, खजांची नईम अंसारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, मजूल, रिजवान आदि उपस्थित थे।

## कनीय अभियंताओं का तबादला

लातेहार(आजाद सिपाही)। प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यों की महत्ता को देखते हुए कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लातेहार के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड में पदस्थापित 20 तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता समकक्ष) का तबादला कर दिया गया। स्थानांतरण किये गए सभी कनीय अभियंता को 3 दिनों के अंदर अपने जिम्मे का संपूर्ण प्रभार देते हुए नव पदस्थापना प्रखंड में योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**ईन कनीय अभियंताओं का हुआ है तबादला:**

तबादला किये गये कनीय अभियंता में बाबूलाल उरांव लातेहार से बालूमाथ, मो. राशिद लातेहार से बालूमाथ, संदीप कुमार लातेहार से बरवाडीह, मुनेश्वर उरांव लातेहार से मनिका, नरेश प्रजापति चंदवा से हेरहंज, निर्मल कुमार मोदी गारु से लातेहार व आशीष कुमार का महुआडांड़ से बरियातु तबादला किया गया है।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अवैध बालू खान के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए डांडू पथ से एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया, खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई। अंचलाधिकारी विजय कुमार और सहायक खनन पदाधिकारी सूचनार्थ करते जब्त ट्रैक्टर को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में छपेमारी अभियान शस्त्र बल के सहयोग से चलाया जा रहा था। उन्होंने कहा अवैध बालू खनन और पत्थर खनन के विरुद्ध लगतार प्रशासनिक कारवाई वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार जारी रहेगा।

## आंध्र प्रदेश गया मजदूर लापता



लातेहार (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के जान्हों पंचायत के मंधनिया से टुनु उरांव उर्फ मंदिप मजदूरी का काम करने के लिए 29 मई 2023 को आंध्र प्रदेश राज्य के अडोनी जिला कुनुल गया हुआ था। जिसके बाद टुनू उरांव 9 जून को अपने गांव वापस आने के लिए कुनूल जिला से चला था लेकिन उक्त व्यक्ति के परिवार वालों का कहना है कि अभी तक वह घर वापस नहीं पहुंचा है उक्त मजदूर को घर वापस नहीं आने से उसके पूरे परिवार वाले परेशान है सभी लोग किसी अनहोनी होने से डर रहे हैं। परिवार वालों ने 9905875925, 6309372450, 8969345307 मोबाइल नंबर पर फोन करके टुनू उरांव की सूचना देने के लिए लोगों से आग्रह किया है। सूचना देने वाले व्यक्ति को 2000 रुपए इनाम देने की बात कही है।

### मंत्री ने अधिकारियों के साथ की योजनाओं की समीक्षा

# पानी-बिजली की व्यवस्था ठीक करने का निर्देश

आजाद सिपाही संपाददाता



**लोहरदगा।** डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना और विकास विभाग, वाणिज्य तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना, ग्रामीण जलापूर्ति योजना और विद्युत आपूर्ति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गयी। शहरी जलापूर्ति की समीक्षा में मंत्री द्वारा वर्तमान आवश्यकता, वास्तविक जलापूर्ति और अंतर के संबंध में प्रेक्षा की गयी। इसमें प्रशासक, नगर परिषद द्वारा बताया गया कि वर्तमान जनसंख्या के अनुसार शहर में 4.7 एमएलडी पेयजलापूर्ति की आवश्यकता है और 3.58 एमएलडी जलापूर्ति की जा रही है। अंतर 1.12 एमएलडी है। शहर के अगले तीस वर्षों की पेयजलापूर्ति के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा एक सर्वेक्षण कर योजना तैयार की गयी है जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। यह राज्य संपोषित योजना है। वर्तमान में शहर में 400 हैंडपंप हैं और 15 वाटर टैंक हैं। शहर के खराब चापाकलों को ठीक करने के लिए दो टीमें हैं। विद्युत विभाग द्वारा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण पेयजल की आपूर्ति में कठिनाई आ रही है। साथ ही, नये बरवाटोली में पाईपलाईन शिफ्ट किये जाने की भी आवश्यकता है। मंत्री द्वारा पाईपलाईन शिफ्ट किये जाने के संबंध में आवश्यक विभागीय कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में मंत्री द्वारा जलजीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम की समीक्षा की गयी। इसमें मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि जो भी योजनायें पेयजलापूर्ति के अंतर्गत बनी हैं उसका सर्वेक्षण करा लें कि उनमें कितनी ठीक हैं, कितनी नहीं। अगर वे योजनाओं ग्रामीण पेयजल और स्वच्छता समिति को हस्तगत की गयी हैं तो क्या वे योजनायें अभी भी ठीक हैं। ऐसी योजनाओं की एक सूची बना कर उसे ठीक कराने हेतु प्रस्ताव दें ताकि बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा सके, सरकार से राशि की मांग की जा सके। एक सप्ताह में यह सर्वेक्षण कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा दिया गया। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में पांच चापानल की पूर्व की योजना में कितने बने और कितने बाकी हैं, का भी अद्यतन स्थिति प्रतिवेदन के रूप में उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा उत्का स्थित प्राथमिक विद्यालय में चापाकल खराब की शिकायत की गयी जिसे ठीक कराने का निदेश माननीय मंत्री द्वारा दिया गया। विद्युति आपूर्ति की समीक्षा में मंत्री द्वारा ट्रांसमिशन, वितरण, ट्रांसफार्मर की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा 30 गांवों को सोलर ग्राम के रूप में जोड़े जाने का प्रस्ताव मंत्री के समक्ष दिया। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनुप कुमार हांसदा, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल दीपक खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

## दुर्घटना में दंपती घायल, पति रिम्स रेफर

बारियातू(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चतरा रांची मुख्य मार्ग पर बरछिया चौक के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिससे बाइक में सवार पति-पत्नी घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार हेडुम लावालौंग निवासी भुनेश्वर तुरी उम्र लगभग ( 55) वर्ष और विमली देवी उम्र लगभग ( 50) वर्ष घायल हो गये, दोनो पति पत्नी हेडुम लावालौंग से नगर मंदिर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जिन्हे बारियातू थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक बालेश्वर गंझू और पुलिस जवानों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए भुवनेश्वर तुरी को रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दिया गया।

## प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने दिया धरना

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को आजसू ने एक दिवसीय धरना दिया। प्रखंड अध्यक्ष कलीम की अध्यक्षता में हुए धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आजसू नेताओं ने कहा कि अफसर शाही के चंगुल में फस चुकी हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। धरना के पश्चात पांच सदस्यीय टीम द्वारा उपायुक्त के नाम से सात सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार को सौंपा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## नाबालिग लड़की ने शादी से रोक की लगायी गुहार, परिजनों के विरुद्ध हुई कार्रवाई



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना रोड की एक नाबालिग लड़की ने परिजनों के विरुद्ध जबरदस्ती शादी का दबाव देने को लेकर उपायुक्त गुमला में आवेदन देकर शादी रोकने की गुहार लगाई गई थी, जिस पर सोमवार को बाल कल्याण समिति के गुमला कर्मी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीडीपीओ सुधा सिन्हा, महिला पर्यवेक्षिका, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी व अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ युवती के घर पहुंच कर परिजनों से युवती के संबंध में पूछताछ की और उसके नाबालिग होने की जानकारी लेते हुए परिजनों को नाबालिक युवती की शादी पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इस बावत बीडीओ ने बताया कि युवती द्वारा आवेदन के साथ खुद के नाबालिक होने के दस्तावेज के साथ आगे शिक्षा ग्रहण करने व परिजनों द्वारा जबरन शादी पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। जांच के दौरान परिजनों द्वारा युवती के अपने मामा के घर उड़ीसा में होने की बात बताई गई। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा युवती की मां से दो दिनों के अंदर अपनी नाबालिक बेटी को लाकर बाल कल्याण समिति गुमला में उपस्थित कराने का लिखित आश्वासन लिया गया है।

## सिसई में जलापूर्ति ठप, विभागीय लापारवाही का नतीजा : रमेश चीनी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई में करकरी जलापूर्ति व्यवस्था ठप होने से प्रखंडवासियों को परेशानी हो रही है। इसपर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने चिंता प्रकट की है। कहा है कि जलापूर्ति बाधित होने का मुख्य कारण विभागीय लापरवाही और अवैध बालू का उठाव है। प्रशासन को इसपर ध्यान नहीं चाहिए। चुंकि बढ़ती गर्मी के बीच पानी की समस्या होने से हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों को दो से तीन किमी दूर से पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। प्रशासन पानी का स्त्रोत तलाश कर पानी स्टोरेज करने की व्यवस्था करें। साथ ही बालू के अवैध खनन पर रोक लगाएं ताकि लोगों के समक्ष पानी की समस्या न हो। साथ ही शहरी इलाके में भी नियमित जलापूर्ति की दिशा में गंभीरता दिखाए। चूंकि सप्लाई वाटर पर ही लोग निर्भर है।

## पुसो पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को पुसो पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बावत पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुसो गांव निवासी नौवीं कक्षा की एक नाबालिक लड़की ने थाना क्षेत्र के एकाम्बा गांव निवासी सुरेश इंदवार के पुत्र उत्तम इंदवार (18) पर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। जिसपर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। वहीं बोन्डो चापाटोली निवासी सिरोमनी तिर्की ने अपने पति गिरी तिर्की पर अक्सर मारपीट करने, तीन दिन पुर्व ईंट से मारकर सिर फोड़ने व बीते सोमवार को भी तलवार से हमला कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए गिरी तिर्की को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## तीन जगहों से अवैध बालू भंडारण जब्त

**सिसई (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू भंडारण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीओ रवि जैन व डीएमओ रामनाथ राय व सीओ अरुणिमा एक्का के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में औचक छापामारी की गई। छापेमारी से अवैध बालू कारोबार से जुड़े माफियाओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान प्रखंड क्षेत्र के नागफेनी में 18250 सीएफटी, जिन्दा चट्टीटोली में 90825 सीएफटी व जिन्दा पोखराटोली से 41600 सीएफटी अवैध भंडारित बालू को जप्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ अरुणिमा एक्का ने बताया कि मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के तीन जगहों से करीब डेढ़ लाख सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया है। जप्त बालू को जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा नीलामी किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि अवैध बालू खनन, भंडारण व परिचालन पर प्रशासन के द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पीडीजे संजय कुमार चंधरियावी की अदालत में मंगलवार को सनईटोली घाघरा निवासी रतिया असुर के हत्या के आरोपी गांव के ही पंडरू असुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया है। आरोपी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा व 200 सौ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 15 दिन अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से पीपी अनिल कुमार पांडेय ने पैरवी किया। जिसमें कुल सात गवाहों ने गवाही दिया। घटना सात जुलाई 2017 का है। यह घटना पूर्व से चले आ रहे जमीन विवाद के कारण हुआ था। घटना के दिन मृतक रतिया असुर अपने खेत में खेती करने गया था जहां से लौटने के दौरान गांव के ही पंडरू असुर ने टांगी से वार करके उसकी हत्या कर दिया। इस दौरान मृतक की पत्नी के चिल्लाने के आवाज से आरोपी घटना स्थल से भाग गया। जिसके अगले दिन मृतक का पुत्र बुधना असुर ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था।

### बैठक : सड़कों पर आवारा जानवरों को पकड़ने का चलेगा अभियान

# खुले में जानवर छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माना भी लगेगा, होगी कार्रवाई

**जाम और दुर्घटना का कारण बनते हैं आवारा जानवर : नगर परिषद प्रशासक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर आये दिन आवारा जानवरों के कारण लगने वाले जाम व संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में प्रयास करते हुए नगर परिषद ने ऐसे जानवरों की धरपकड़ करने के लिए अभियान चलाने की योजना बनाई है। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपने नगर प्रबंधकों व नगर मिशन प्रबंधक को निर्देश दिया है कि वे शहर के ऐसे क्लस्टरों को चिन्हित करें जहां पर जानवर झुंड बनाकर घूमते हैं या बैठते हैं तथा रोड जाम करते हैं। ऐसे जानवरों को पकड़ कर उनके पालकों पर जुर्माना एवं अन्य विधिक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

संजय कुमार ने कहा कि शहर का आवागमन दुरुस्त करने के लिए न केवल मार्ग का अतिक्रमण हटाना जरूरी है बल्कि मुख्य चौक चौराहों पर जाम की स्थिति पैदा करने वाले आवारा जानवरों के पशुपालकों पर भी कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने शहर के पशुपालकों से अपील की कि वे अपने जानवरों को शहर में खुला न छोड़ें, क्योंकि यह न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि कानूनी रूप से दंडनीय भी है। साथ ही उन्होंने पशुपालकों से यह भी अपील की कि शहरी क्षेत्र के अंदर कहीं भी खटाल आदि का संचालन ना किया जाए, खटाल आदि चलाना है तो वे नगर परिषद क्षेत्र की परिधि से बाहर चलाएंगे या फिर नगर परिषद से इस हेतु सम्यक अनुमति प्राप्त करेंगे। उन्होंने शहर के लोगों से अनुरोध किया है कि यह शहर हम सबका है इस को व्यवस्थित रखने में हर किसी को अपने अपने स्तर पर जिम्मेदारी निर्वहन करनी होगी।

बैठक में परीक्ष्यमान सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो,नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार में समस्याओं के निदान पर उपायुक्त ने दिया जोर

**दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधीनस्थों को उपायुक्त ने दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।

गुमला प्रखंड के पतिया सिकरिया टोली ग्राम निवासी द्वारा उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि गॉव में चापानल है परंतु पानी जंग युक्त निकलता है। जिससे गांव में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन ग्रामीणों द्वारा डीपबोरिंग करने की मांग की गई।

घाघरा प्रखंड के दिरगॉव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि दिरगॉव सुदुरवर्ती क्षेत्र है जो चारों तरफ पहाड से घिरा हुआ है। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखते हुए बताया कि ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने तथा बच्चों को स्कूल आने-जाने में रोड नहीं होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त से ग्रामीणों ने सहायता की मांग की।

कामडारा प्रखंड के टुरूण्ड़ निवासी सावित्री कुमारी ने आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई लक्ष्मण लोहरा की उग्रवादी हिंसा के दौरान हत्या 21.03.2019 को की गई। आवेदिका द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नौकरी की मांग की गई।

बसिया प्रखंड के बानागुटू जोगोटोली के ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर ग्राम जोगोटोली पतराटोली एवं टोंगरीटोली में लगभग 1000 हेक्टेयर जमीन में लिफ्ट इरिगेशन से सिचाई उपलब्ध कराने की मांग की गई।

उक्त सभी आवेदनों को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों व विभागों को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्याओं के अविलंब निवारण करने हेतु आश्वस्त किया।

इसके अलावे दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मांगों जैसे राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद , संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रतेर कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

# अंजुमन चुनाव को लेकर सभी सात प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिह्न




**प्रत्याशी अपने वोटरों से कर रहे हैं अपील**

गुमला (आजाद सिपाही)। अंजुमन चुनाव को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रत्याशी अपने वोट को बढ़ाने के लिए कई प्रकार के गठबंधन व प्रचार का सहारा ले रहे हैं। सोशल मीडिया को चुनाव प्रचार का बेहतरीन माध्यम बनाया गया है। मंगलवार को चुनाव को लेकर गहमागहमी के बीच पठान पंचायत से सदर पद के उम्मीदवार मो.मिन्हाज खान और इदरीसिया पंचायत से सचिव पद के उम्मीदवार अधिवक्ता खुर्शीद आलम आपस में गठबंधन कर लिए हैं।और दोनो प्रत्याशी एक साथ सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते नजर आ रहे हैं।इसके बाद वाट्सअप ग्रुप में वह वीडियो बहुत तेजी से समाज में वायरल होने लगा।और चुनावी बाजार में तरह - तरह की चचाएँ होने लगी।

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामियां गुमला के आम चुनाव में मगंलवार को चुनाव कमेटी ने उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया। नाजिम ए आला के दो प्रत्याशी, सदर के तीन प्रत्याशी और सेक्रेट्री के दो प्रत्याशी कुल सात प्रत्याशीयों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। नाजिम-ए-आला पद के पठान पंचायत के उम्मीदवार हाजी हुसैन खान को टोकरी छाप क्रम संख्या 1 और इराकी पंचायत के हाजी खलील अशर्फी को बल्ला छाप क्रम संख्य 2 दिया गया। वहीं सदर पद के तीन उम्मीदवारों में से इदरिसिया पंचायत से मोहम्मद इरसाद खान उर्फ बबलू को आलमिराह (गोदरेज) क्रम संख्या 1, पठान पंचायत से मो. मिन्हाज खान को नारियल का पेड़ क्रम संख्या 2, हमदर्द पंचायत से मोहम्मद मोशाहीद आजमी उर्फ पम्मू को ताला चाभी छाप क्रम संख्या 3 आबंटित किया गया। सचिव पद के लिए इदरीसिया पंचायत से अधिवक्ता खुर्शीद आलम को झोपड़ी छाप क्रम संख्या 1, और इराकी पंचायत से अधिवक्ता मो. मकसूद आलम को छतरी (छाता) छाप व क्रम संख्या 2 आवंटित किया गया है।

इस प्रकार अंजुमन के तीनों पद के लिए कुल सात प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। आगामी 25 जून की सुबह आठ बजे से वोटिंग शुरू होगी और दोपहर चार बजे तक चलेगी। तत्पश्चात मतों की गिनती परिणाम जारी होने तक की जायेगी।

### कार्यक्रम : ग्राम रुकी पंचायत भवन में वैज्ञानिक विधि से लाह की खेती के लिए कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# लाह की खेती अतिरिक्त आमदनी का बेहतर माध्यम : प्रणव ऋतुराज

**लाह की खेती वैज्ञानिक विधि से कर स्वावलंबी बने : एस.एन. वैद्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला/घाघरा।** आदित्य बिरला ग्रुप की इकाई मिनरल्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 13 जून 2023 को ग्राम रुकी पंचायत भवन में वैज्ञानिक विधि द्वारा लाह की खेती हेतु कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में रांची वन उत्पाकता समिति के पूर्व तकनीकी विशेषज्ञ एस. एन. वैद्य ने किसानों के बीच तकनीकी जानकारियां, लाह की खेती बेर, कुसुम, पलास आदि पेड़ों पर किए जाने की बारीकियां से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि खेती बारी के साथ साथ वे अपने घरेलू तथा पारंपरिक कृषि के साथ-साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि से लाह की खेती कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसके लिए हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार की अगुवाई में हम यह प्रशिक्षण दे रहे हैं। आप इसका बढ़-चढ़कर लाभ लें और अपने आर्थिक उपार्जन को बढ़ाने में लाह की खेती कर आगे बढ़ सकते हैं।

**लाह मित्र चुने गये**

**जलका से अनिमा कुजूर, रुकी से गोविंद महतो, मनातू रति उरांव, रुकी छापर टोली से सुशील टोपनो, घोड़ापत्थर से सुखराम असुर को सर्वसम्मति से लाह मित्र चुना गया।**

लाह की खेती अतिरिक्त आमदनी का बेहतर माध्यम : पारंपरिक खेती के साथ साथ लाह की खेती अतिरिक्त आमदनी का श्रोत बन सकता है। हिंडालको सीएसआर के माध्यम से दिए जा रहे लाह की खेती आप सबों को अतिरिक्त आमदनी में सहयोग करेगा। आप सभी ऐसे प्रशिक्षण में भाग लेकर स्किल डेवलप करें और बढ़-चढ़कर लाख की खेती में लग जाए और अच्छा मुनाफा कम कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने।

हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने लाह की खेती से संबंधित प्रशिक्षण में आए किसानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि लाह की खेती से बढ़-चढ़कर आप लोग लाभ ले सकते हैं और आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो सकते हैं।

प्रखंड प्रमुखः सविता देवी ने कहा

प्रखंड प्रमुख श्रीमती सविता देवी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम हिंडालको सीएसआर टीम को बधाई देना चाहेंगे, स्वागत करना चाहेंगे ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए। इनके माध्यम से इस क्षेत्र में लाह की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान भाई-बहन लोग बढ़-चढ़कर प्रशिक्षण में भाग ले और लाह की खेती को भी वैज्ञानिक विधि से करें और मुनाफा कमाएं।

प्रशिक्षण सत्र में पूर्व उप प्रमुख कृष्णा कुमार, मिनरल्स एंड मिनरल्स लि. के सीएसआर विभाग के अभय भारती, उप मुखिया छोटन बड़ाइक, वार्ड सदस्य अरुणा केरकेट्टा, रुकी, पोरहा, जलका, भूठी, बीमरला घोड़ापत्थर आदि गांव के महिला पुरुष किसान मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर प्रखंड स्तरीय राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 व मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत प्रखंड सभागार में मंगलवार को सभी राजनीतिक पार्टियों व जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान सभी दलों व जनप्रतिनिधियों को पुनरीक्षण पुर्व तिथि वार गतिविधियों की जानकारी व पुनरीक्षण कार्यक्रम की छायाप्रति उपलब्ध कराई गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व सुधार से संबंधित जानकारी व सहयोग करने, लोकसभा चुनाव से पुर्व सभी पार्टियों द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्रों में बी एल ए नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराने, पुरे पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान दो बार घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा मतदाताओं का सत्यापन व हस्ताक्षर युक्त स्टीकर चिपकाने, चुनाव के दौरान बुथो का रिलोकेशन नही होने के कारण पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ही बुथो का सत्यापन कर रिलोकेशन कराए जाये, ताकि समय रहते बुथों का स्थानांतरण की सारी प्रक्रिया पुरी की जा सकें, मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतू व्यापक प्रचार-प्रसार व हेल्दी रोल तैयार करने में सहयोग करने, मतदान सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को रंगीन फोटो में परिवर्तित करने की जानकारी, वोटर हेल्पलाइन एप व बीएलओ एप की जानकारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी राजनीतिक पार्टियों को सभी बीएलओ की उपलब्ध कराई गई। बैठक में भाजपा, कांग्रेस, झामुमो व आजसू पार्टी के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य व जनप्रतिनिधि गण व प्रखंड स्तरीय निर्वाचन कर्मी मौजूद थे।

## कार्तिक उरांव पुस्कालय संचालन समिति के गठन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ तेज कुमार हस्सा की अध्यक्षता में कार्तिक उरांव पुस्कालय संचालन समिति का गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नाजिर के द्वारा 500 रु का सदस्यता रसीद काटा गया ।बीडीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, शिक्षा कर्मी, बुद्धिजीवी व समजसेवकों को संचालन समिति के चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि समिति का अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष सहित 25 सदस्य का चयन करना है। जिसका चुनाव आमसभा के माध्यम से सभी सदस्यों की उपस्थिति में किया जायेगा। इसके लिए सभी को 500 रु. देकर सदस्य बनाना होगा। उन्होंने सभी मापदंड की जानकारी और पुस्तकालय की उपयोगिता की जानकारी दी ।प्रक्रिया पूरी नही होने के कारण समिति का चुनाव नही हो सका। अगली बैठक में चुनाव किया जायेगा। बैठक में सीओ संजीव कुमार, प्रमुख पारसनाथ उरांव, उपप्रमुख बबिता तिर्की, बीईईओ शांतिमुनि तिर्की, बीएचएओ अमरेश सिन्हा, समाजसेवी रामधन साव, भोला केशरी, अशोक केशरी, बबलू ओहदार, किशोर साहू, सुनील केशरी, शंकर शाही, संजय गुप्ता, मनोहर लाल, जहांगीर आलम, मोख्तार आलम शमशाद खान, हाकिम खान, चंद्रशेखर उरांव, शंकर उरांव, रतिया उरांव सहित सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने कर्मियों के साथ की प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं को लेकर कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस क्रम में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास 15 वे वित्त आयोग सहित पंचायतों में चल रहे हैं विकास योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि अधूरी आवास जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए आप जनसेवक पंचायत सेवक जनप्रतिनिधि लाभुकों से बात कर उसे पूरा करवाएं। इसके साथ ही प्रत्येक पंचायतों के प्रत्येक गांव में मनरेगा की योजनाएं जल्द शुरू कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की बात कही। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्यवाई किये जाने की भी बात बीडीओ द्वारा कही गयी। इस मौके पर बीपीओ पंचायत सचिव जनसेवक रोजगार सेवक कनीय अभियंता सहायक अभियंता सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## छोटा अजियातु और मनातू आंगनबाड़ी में सेविका और सहायिका का किया गया चयन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के छोटा अजियातु और मनातू आंगनबाड़ी में बाल विकास परियोजना के प्रभारी पदाधिकारी सह घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज के उपस्थिति में मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे सेविका और सहायिका का चयन किया गया। इस क्रम में सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, राजलक्ष्मी लकड़ा ने ग्रामीणों के समक्ष चयन प्रक्रिया की जानकारी दी।वही छोटा अजियातु में सहायिका पद के लिए 6 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अधिक अंक प्राप्त किए जयश्री कुमारी का चयन सहायिका के लिए किया गया। जिसके बाद मनातू ग्राम में सेविका पद का चयन के लिए 3 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें अंजनी देवी का चयन ज्यादा अंक प्राप्त होने के कारण सेविका के पद पर चयन किया गया। अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने चयनित सेविका और सहायिका को ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की बात कही इस मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रमुख सविता देवी शिक्षक ए एनएम मुखिया सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## प्रखंड के कई गांवों में ट्रांसफॉर्मर खराब होने से इस भीषण गर्मी में लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अनेकों गावों में ट्रांसफॉर्मर खराब होने से इस भीषण गर्मी में लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। प्रखंड के पन्था पंचायत में विगत दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से पन्था के लोग अंधेरे में रहने को विवश है।पन्था के ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की लिखित जानकारी विभाग को देने की भी बात कही। पन्था में ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए कोंग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा प्रयासरत है। वही दूरी और अनुमंडल मुख्यालय के सुदूरवर्ती ईटाम पंचायत अंतर्गत खिरोटोली में भी विगत लगभग 25 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है साथ ही ससिया गांव का ट्रांसफार्मर सोमवार को खराब हो गया। बसिया दक्षिणी के जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा विभागीय अभियंताओं से बात कर जल्द खिरोटोली और ससिया में ट्रांसफार्मर लगवाने और बिजली व्यवस्था बहाल करने हेतु प्रयासरत है। इस संबंध में जिप सदस्य ने कहा कि उन्होंने खिरोटोली और ससिया में जल्द बिजली बहाल करने की बात विधुत अभियंताओं को कही है जिसपर अभियंताओं द्वारा जल्द बिजली व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन दिया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार गुमला जिला में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नही होने के कारण कारण खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगवाने में परेशानी हो रही है।

# 1.77 एकड़ आम गैरमजरुआ भूमि पर लोगों का अवैध कब्जा

## 1.77 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर रह रहे लोग सरकार को लाखों रुपये का लगा रहे हैं चूना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के रेवन्यू विलेज सतगांवा में 1.77 एकड़ आम गैरमजरूआ व केसर-ए-हिंद भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं।

वहीं नाम नहीं छापने के शर्त पर कई लोगों ने बताया कि प्रसाशन के मिली भगत्त से आम गैरमजरूआ जमीन को कब्जा कर अतिक्रमण किए हुए हैं। भारत सरकार की केसर-ए-हिंद जमीन जिसे केन्द्र व राज्य सरकार को सुरक्षित रखना है। इसकी देख रेख की जिम्मेदारी जिला बोर्ड के पास है। लेकिन पलामू जिले के हरिहरगंज शहर अंतर्गत रेवन्यू विलेज सतगांवा में प्लॉट संख्या 1153, खाता 253, रकवा 1.77 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण कर स्थानीय लोगों द्वारा मकान बना लिया गया है और मकान को किराये पर लगा कर रकम वसूली कर रहे हैं।

उक्त भूमि पर देखा जाए तो करीब पच्चास से भी अधिक दुकानें बनी हुई है। जिसे मालिकाना हक समझ कर किराये के दुकानदारों से लाखों रुपये वसूली जा रही है। जबकि सरकार के खाते में एक रुपये भी नहीं जा रही है।अतिक्रमण कर रहे लोगों ने अपने मकानों को बनाने के बाद सरकारी लगान को ताक पर रख कर इनकम बना रखी है। इससे सरकार को प्रति माह लाखों रुपये का क्षति हो रही है। वहीं जिला बोर्ड भी मौन साधे हुए है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह अतिक्रमण काफी समय से चल रहा है। जिस पर प्रसाशन कभी संज्ञान में नहीं ली, अगर ली होती तो केसर-ए-हिंद भूमि पर अतिक्रमण नहीं होती।इस पर सरकार को संज्ञान में लेने की आवश्यकता है और उचित कार्रवाई करे।

# डीसी ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

**कस्तूरबा बालिका विद्यालय के दो वार्डन पर कार्रवाई करने के निर्देश**

मैट्रिक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विश्रामपुर व लेस्लीगंज के तत्कालीन वार्डन के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। विश्रामपुर व लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मैट्रिक के रिजल्ट में संतोषजनक परिणाम नहीं आने के कारण उपायुक्त ने यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा के सभी विद्यालयों में बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, सभी वार्डन यह सुनिश्चित करें।

**विद्यालयों में बेंच, डेस्क, पोशाक या अन्य सामग्री स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन से ही लेना सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने स्कूल प्रबंधन समिति को स्कूलों में बेंच, डेस्क, पोशाक या अन्य सामग्री की आपुर्ति के लिये बाहर की एजेंसी से कार्य लेने के बजाय जेएसएलपीएस के स्थानीय स्वयं सहायता समूह से काम करवाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य से स्थानीय महिलाओं को रोजगार में सहूलियत होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में विद्यालयों में किसी भी तरह की सामग्री की आपुर्ति स्थानीय एसएचजी ग्राम संगठन के माध्यम से ही होना चाहिए।

**बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं :** बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी कस्तूरबा बालिका विद्यालय के स्कूल में बगैर सूचना दिए कोई शिक्षिका अनुपस्थित पायीं गयी तो संबंधित वार्डन को सस्पेंड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी शिक्षक अपने स्थान पर किसी दूसरे निजी व्यक्ति को रखकर शिक्षण का कार्य करवाते हुए पाया जाता है तो ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** महाजनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ दीनदयाल सभागार में मेदिनीनगर में टिफिन बैठक किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में कई ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। देश के विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। पार्टी ने भी महाजनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का प्रयास कर रही है। पलामू संसदीय क्षेत्र में भी सड़क पुल पुलिया का निर्माण सहित एनएच 75 और एनएच 98 में कार्य जारी है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल, इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक कॉलेज, केंद्रीय, नवोदय, एकलव्य, विद्यालय का निर्माण कराया गया है। बिजली के क्षेत्र में बड़े पावर ग्रीड लगे है। वही सोलर प्लांट लगाने के लिए पलामू एवं गढ़वा मे स्वीकृति मिल गयी। पानी सप्लाई के लिए भी वर्षों से पैसा आकर पड़ा हुआ है। रेलवे तीसरी लाइन निर्माण और रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए इंटरसिटी एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन जारी है। केंद्र कि मोदी सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य पीएम आवास योजना, शौचालय योजना, जनधन योजना, अन्न योजना, किसान योजना, आयुष्मान भारत जन औषधि सहित विभिन्न योजनाओं से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। कार्यकर्ताओं से अपील है कि मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं के बारे में घर-घर तक जाकर बताएं ताकि लाभार्थियों को इसका लाभ हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने किया संचालन विभाकर नारायण पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनाश वर्मा ने किया।

टिफिन बैठक को श्याम नारायण दुबे,मुकेश निरंजन सिन्हा, परशुराम ओझा, अमलेश्वर दुबे, उदय शुक्ला, दुर्गा जोहरी ने भी संबोधित किया।

बैठक में प्रफुल्ल कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, सोमेश सिंह, नरेंद्र पांडे, विनोद सिंह, अमित तिवारी, मंगल सिंह, सीटू गुप्ता, रूपा सिंह, लवली गुप्ता, सुमन गुप्ता, बसंती देवी, ज्योति कुमारी, सुमन कुमार, भीषम चौरसिया, ज्ञान धन चौरसिया, पंकज तिवारी, प्रदीप बाबुल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ओवर ब्रिज के पास एनएच 75 पर हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार रात दस बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार डंडीला खुर्द गांव निवासी श्रीकांत शुक्ला का पुत्र राकेश शुक्ला उर्फ टिंकल शुक्ला मोटरसाइकल से घर आ रहा था। इसी बीच ओवर ब्रिज के पास सामने से आ रही एक दूसरी मोटरसाइकल से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे टिंकल शुक्ला और दूसरी मोटरसाइकल पर सवार आनंद विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। एमएमसी में इलाज के दौरान देर रात टिंकल शुक्ला (28) की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल आनंद विश्वकर्मा का अभी इलाज चल रहा है।

# जीवनदान के समान रक्तदान पुण्य का कार्य: धीरज मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने अपने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया है।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज मिश्रा द्वारा पिछले दस वर्षों से रक्तदान को लेकर रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने सहयोगियों के माध्यम से पलामू, गढ़वा, लातेहार, रांची, बोकारो, चतरा, रामगढ़, धनबाद समेत झारखंड के अन्य जिलों में रक्तदान कराकर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य करते हुए सैकड़ों लोगो की जान बचाने का कार्य किया गया है। धीरज ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है और रक्तदाता वह व्यक्ति है जो अपना खून किसी जरूरतमंद के लिए दान करता है। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। रक्तदाता दिवस मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में की थी। तब से हर साल 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाया जाने लगा। इस मौके पर दुनिया भर के लोगों को जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। रक्त के बिना शरीर हाड़ मांस का ढांचा है। शरीर के सुचारू संचालन के लिए खून की आवश्यकता होती है खून की कमी से व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ सकता है। खून की जरूरत होने पर अगर समय से रक्त की पूर्ति न की जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। खून की कमी को पूरा करके जीवन की रक्षा रक्तदान के जरिए की जा सकती है। इस कारण लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है ताकि एक स्वस्थ व्यक्ति रक्त के जरूरतमंद को रक्तदान कर सके और जीवन बचा सके।धीरज ने बताया कि हर वर्ष रक्तदाता दिवस की एक खास थीम होती है। इस साल विश्व रक्तदाता दिवस 2023 की थीम है रक्त दो,प्लाज्मा दो जीवन साझा करो, अक्सर साझा करो ।

# करारी हार के बाद अब एक्शन की बारी

## टीम इंडिया को खोजने होंगे इन तीन धुरंधरों के विकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 209 रनों से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। लंदन के ओवल मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 444 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम पांचवें दिन लंच से पहले ही धराशायी हो गयी।

टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन की बड़ी वजह उसके टॉप ऑर्डर की नाकामी रही. विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से बड़ी पारियों की उम्मीद थी, लेकिन तीनों ही बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहे। रोहित, पुजारा और कोहली में से किसी एक ने भी शतकीय पारी खेली होती तो मुकाबले का नतीजा कुछ और ही हो सकता था।

रोहित, कोहली और पुजारा ने भारतीय फैन्स को मुस्कुराने के कई मौके दिए हैं, लेकिन अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर खड़ी इस तिकड़ी के बाद टेस्ट में भारत कितना तैयार है, यह सबसे बड़ा सवाल है. आने वाले दिनों में टीम इंडिया को इन खिलाड़ियो के विकल्प तलाशने के साथ ही कुछ सख्त फैसले लेने होंगे।

सबसे पहले चेतेश्वर पुजारा की बात करते हैं जिनका फ्लॉप रहना भारतीय फैन्स को काफी खल रहा क्योंकि वह काफी दिनों से इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने के कारण सबसे ज्यादा तैयार थे। पुजारा के लिए पिछले कुछ साल अच्छे नहीं गुजरे हैं। 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 77 रनों की यादगार पारी खेलने के बाद से पुजारा के फॉर्म में काफी गिरावट आई है। बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में बनाए गए 90 और 102 रनों के अलावा 2022 में वह कुछ खास नहीं कर सके।

**पुजारा-कोहली के टेस्ट फॉर्म में आई बड़ी गिरावट**

पुजारा ने 2021-2023 के डब्ल्यूटीसी सीजन में 17 टेस्ट खेलकर 32 की औसत से 928 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल रहा। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 2022 की शुरूआत में घरेलू सीरीज में पुजारा के स्थान पर हनुमा विहारी को आजमाया, जिन्होंने तीन पारियों में एक अर्धशतक लगाया. पुजारा की वापसी के बाद उनका भी पत्ता कट गया।

टीम इंडिया के लिए दिक्कत चौथे नंबर की भी है, जहां किंग कोहली उतरते हैं। कोहली ने अपने करियर के दौरान जिस तरह गेंदबाजों पर दबाव बनाया है, वह बहुत कम बल्लेबाज ही कर पाए हैं, लेकिन असलियत यह भी है कि टेस्ट क्रिकेट में उनके फॉर्म में गिरावट आ चुकी है। कोहली ने डब्ल्यूटीसी 2021-23 के सत्र में कुल 17 टेस्ट खेलकर 32.13 की औसत से 932 रन बनाए, जिसमें एकमात्र शतक शामिल रहा जो अहमदाबाद की सपाट पिच पर बनाया गया था।

**चौथे नंबर पर भारत के पास क्या हैं विकल्प**

चौथे नंबर के लिए श्रेयस अय्यर और सरफराज खान के नाम पर विचार किया जा सकता है. फिलहाल चोट से जूझ रहे श्रेयस को शॉर्ट पिच गेंदों पर अपनी कमजोरी से पार पाना होगा, तभी वह टेस्ट में टीम इंडिया के परमानेंट सदस्य बन सकते हैं. सरफराज खान ने पिछले सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए, लेकिन तेज गेंदबाजी का सामना करने के लिए उनके पास तकनीक की कमी नजर आती है. सरफराज इंडिया-ए के लिए सात टेस्ट मैचों में एक भी शतक नहीं लगा पाए.

उधर कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र में अच्छा प्रदर्शन किया था, हालांकि फाइनल में वह चल नहीं पाए. रोहित ने 11 टेस्ट में 42.11 की औसत से 758 रन बना विदेश में उनका औसत 52.57 रहा, जबकि भारत में उन्होंने 36.88 की औसत से रन बनाए, लेकिन 36 वर्ष के हो चुके रोहित क्या 2025 में खेलेंगे ये बड़ा सवाल है।

युवा बल्लेबाज शुभमन गिल एक छोर संभालने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनका जोड़ीदार कौन होगा. भारत को मयंक अग्रवाल के रूप में विकल्प मिला था, लेकिन वही काफी अरसे से टीम मे अपनी जगह नहीं बना पाए हैं. वहीं अभिमन्यु ईश्वरन और यशस्वी जायसवाल को अभी इस प्रारूप में खुद को साबित करना बाकी है।


ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

(अति अल्पकालीन)

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/25/ Dumka/2023-24    दिनांक–13-06-2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Stainless Steel Q-Barricading Work in Q-Complex Ground Floor in the Occasion of Sharawani Mela 2023 at Basukinath Dham Under Jarmundi Block, Dist- Dumka For the Year 2023-24 | Rs.2,14,82,910.00 | 01 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 16-06-2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 22-06-2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 299941 Building(23-24)D



कार्यालय:- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता, रोड,मेदिनीनगर,पलामू /ईमेल आई0डी:–pmupalamu@gmail.com

पत्रांक :–    दिनांक :–

विज्ञापन संख्या– 01/2023

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 171 (03) ब0यो0 दिनांक 25.02.2023 के निर्देश के आलोक में पलामू जिला के 09 "चलत ग्राम क्लीनिक" में outsourcing व्यवस्था के तहत कार्य लेने हेतु निम्न पदों पर एक वर्ष की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाती है।

| क0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | आयुष चिकित्सक | 09 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of computer. |
| 02 | चिकित्सा सहायक | 09 | B.Sc Nursing/ GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/ Diploma in pharmacy from recognize University/Institution. |

01. चयनित कर्मियों का एक (01) वर्ष के लिए कार्य लिया जायेगा। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर या परियोजना के विस्तार होने पर अवधि विस्तार की जायेगी।
02. आवेदन हेतु आवेदनकर्त्ता का अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, अनुसुचित जाति एवं जनजाति हेतु 40 वर्ष होगी।
03. इच्छुक अभ्यार्थी अपने सभी प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्च स्तर तक, जाति, आवसीय) प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 15.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से आहूत अन्तरवीक्षा/स्कील टेस्ट में उप विकास आयुक्त के सभागार, पलामू में आना सुनिश्चित करेंगे।
04. आवेदक को यह नियुक्ति outsourcing व्यवस्था के तहत की जा रही है भविष्य में नियमित/अनुबंध पर नियुक्ति करने का दावा मान्य नहीं होगा।
05. विज्ञापन किसी भी समय रदद करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
06. विज्ञापन की शर्त www.palamu.nic.in में भी देखी जा सकती है।
07. नियुक्ति प्रकिया में स्थानीय उमीद्वार को प्राथमिकता दी जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।    उप विकास आयुक्त पलामू।    उपायुक्त पलामू।

PR 299959 Palamu(23-24).D



कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

(आवश्यक सूचना)

जिले के प्रारंभिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचना :–

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in एवं कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग विज्ञप्ति संख्या PR- 298209 Human Resource Development (2023-24) # D इस कार्यालय के ज्ञापांक 1455 दिनांक 24.05.2023 के द्वारा की गयी थी। प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति की स्थिति संबंधित शिक्षक अपना/दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से निम्न विहित प्रपत्र में दिनांक 10.06.2023 तक हार्ड कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने का निदेश दिया गया था। विद्यालय में गृष्मावकाश के मद्देनजर अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 25.06.2023 तक संबंधित दावा आपत्ति की मांग की जाती है। जिसे कार्यालय के ई.मेल. dseranchi@gmail.com पर भी उपलब्ध करायेंगे। प्रकाशित सूची में यदि किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया है तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र में "कॉलम 1 से 66 तक" भरकर कार्यालय के ई.मेल dseranchi@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी (Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र० सं० | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर    नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्राधीन कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का वेतन भुगतान पंजी से मिलान करते हुए संबंधित सूची की जाँच करेंगे। संबंधित सूची में यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र "कॉलम 1 से 66 तक" कार्यालय के ई.मेल पर सॉफ्ट कॉपी (Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी विशेष दूत के माध्यम से प्रखण्डवार समेकित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक 26.06.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,राँची

PR 299897 Human Resource Developement(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# आइआइटी आइएसएम के प्रोफेसर की स्विमिंग पुल में डूबने से हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को आइआइटी आइएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला की मंगलवार आइआइटी परिसर में ही बनी स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गयी। प्रोफेसर यशवंत उजाला अपने साथियों के साथ स्विमिंग कर रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ।

यशवंत ओड़िशा के रहने वाले है, उनके एक भाई आइआइटी राउरकेला में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

इस बाबत आइआइटी के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर धीरज कुमार ने बताया कि माइनिंग डिपार्टमेंट के फैकल्टी मेंबर मंगलवार को अपने साथियों के साथ आइआइटी कैंप्स में ही स्विमिंग पुल में नहा रहे थे। इसी क्रम में वे पानी के नीचे चले गये और यह हादसा हो गया। फिलहाल संस्थान की ओर से भी हादसे की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया की यशवंत उजाला अपने दोस्तों के साथ मंगलवार की सुबह आइएसएस परिसर में ही स्विमिंग कर रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ, जिसके बाद आनन- फानन में उन्हें आइएसएम के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहां से उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





### एक माह पहले हुई थी शादी

घटना के बाद आइआइटी में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस को तत्काल सूचना दी गयी। यशवंत के शव को एसएनएमएमसीएच के मोर्चरी में रखा जग है। परिजनों के आने के बाद उनका पोस्टमार्टम कराया जायेगा। लगभग एक साल पहले ही उन्होंने यहां ज्वाइन किया था। उनकी उम्र लगभग 38 साल बतायी जा रही है। वह खड़कपुर आइआइटी से पास आउट थे। उनकी शादी पिछले महीने 4 मई को ही हुई थी। उनका ससुराल भी खड़कपुर में ही है। उनकी पत्नी खड़कपुर गयी हुई है। आशंका यह भी है कि पानी में उन्हें हृदयाघात हुआ हो और उनकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद ही असली कारण का पता चल पायेगा।

# शराब पीने से मना करने पर कर दी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** जोरापोखर थाना अंतर्गत जामाडोबा 4 नंबर पावर हाउस के समीप रहने वाले 55 वर्षीय चांदो यादव को सोमवार की रात घर मे घुसकर दो अपराधियों ने दारू पिलाने के बहाने से बुला कर धारदार हथियार से हत्या कर दिया। चांदो यादव का शव खून से सना हुआ पुलिस को उसके घर के खटाल से मिला है। अपराधियों ने मृतक पर तीन बार गर्दन तथा सर हमला किया। मृतक की पत्नी पनाती देवी के अनुसार सोमवार की रात दो व्यक्ति महुआ शराब लेकर उसके घर मे आये थे और चांदो यादव को जबरन शराब पीने को कहा। चांदो ने जब शराब पीने से मना कर दिया तो धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। सुबह जब परिजनों ने चांदो यादव का शव देखा तो जोड़ापोखर पुलिस को सूचना दी। वही सूचना पाकर जोरापोखर थाना प्रभारी बिनोद उरांव दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। मृतक पत्नी मानती देवी तथा दो पुत्र और दो पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी बिनोद उरांव ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर जांच-पड़ताल किया जा रहा है। वो कौन लोग थे और हत्या करने की क्या मंशा थी? सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच जारी है।

# पीएन सिंह और रागिनी मिली केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा से

**सांसद ने मांगा केंद्रीय विद्यायल तो रागिनी ने दो घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच की रखी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** मंगलवार को केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एक दिवसीय धनबाद दौरे पर थीं। इस दौरान सर्किट हाउस में सांसद पशुपतिनाथ सिंह और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अलग अलग मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। सांसद ने केंद्रीय राज्य मंत्री से जिले में दो और केंद्रीय विद्यालय की मांग की तो रागिनी में धनबाद के दो चर्चित घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को दिए पत्र में लिखा है कि धनबाद लोकसभा के झरिया और सिंदरी विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी प्रतिष्ठित विद्यायल की कमी झेल रहा है। इस दौरान सांसद के साथ धनबाद विधायक राज सिन्हा भी मौजूद थे।

**रागिनी ने की धैया सड़क हादसे और तीसरा के दिनेश सिंह के पुत्र पर हुए गोलीकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग :** वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर धैया सड़क हादसे और तीसरा थाना अंतर्गत दिनेश सिंह के पुत्र पर हुए गोलीकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बताया कि पिछले दिनों बीसीसीएल कर्मी राणा दास उनकी पत्नी और उनके बच्चे को जेएच 10 सीएफ 0045 संख्या की कार से धैया रानीबांध तालाब के समीप कुचल दिया गया था। इस दुर्घटना में दम्पति की मृत्यु हो चुकी है, जबकि पुत्र ऋषभ गंभीर हालत में इलाजरत है। उक्त कार झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर हर्ष सिंह की है। वही छह माह पूर्व झरिया के तीसरा थाना क्षेत्र निवासी बीसीसीएल कर्मी दिनेश सिंह के पुत्र को झरिया विधायक के छोटे देवर एकलव्य सिंह द्वारा गोली मारी गई इस गोली कांड में भी पुलिस प्रशासन ने न अब तक कोई कार्रवाई की न ही गोलीकांड में प्राथमिक अभियुक्त को पूछताछ के लिए बुलाया। उपरोक्त मामलों को उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में बूथ कमेटी को मजबूत बनाने का हुआ निर्णय

# सांसद ने धनबाद का कर दिया विनाश : संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददादा



**धनबाद।** मंगलवार को सर्किट हाउस में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई। बैठक में जिला, प्रखंड, नगर सहित सभी मंच व मोर्चा के जिलाध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि बूथ कमिटी और भी मजबूत बनाया जाए। इस बार का चुनाव भाजपा का झुठा वादा बनाम कांग्रेस की ईमानदार पहल के बीच होगा। बूथ कमिटी के माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा को घर घर पहुंचाने और वर्तमान सरकार की झूठ, नफरत और नाकामी को जनता को अवगत कराने का संकल्प लिया गया। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान सांसद ने धनबाद का विनाश किया है। बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक भाजपा नेत्री अपराध की बात करती हैं जिनके खुद के घर का बुनियाद ही अपराध है। कहा कि जिले में जिले भर में कोयला की तस्करी भाजपाइयों के संरक्षण में चल रहा है। इसके अलावे बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, उपाध्यक्ष शाहिदा कमर, महिला कॉंग्रेस की अध्यक्ष सीता राणा ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से बिके सिंह, राजेश्वर यादव, नवनीत नीरज, योगेंद्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, मंटू दास, कयूम खान, इरफान खान चौधरी, सतपाल सिंह ब्रोका, जहीर अंसारी, महेंद्र दुबे, डीएन यादव, बाबू अंसारी, राजा अंसारी, बकील बाउरी, अवधेश पासवान इत्यादि मौजूद थे।

# महिला कर्मचारियों के लिए कंपनी की नीतियों पर प्रस्तुति



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इडी वर्क्स सेमिनार हॉल में सुष्मिता सोरेन, प्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) ने मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल अवकाश, पितृत्व अवकाश और यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) अधिनियम में नवीनतम विकास पर एक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति की अध्यक्षता नीना सिंह, महाप्रबंधक- प्रभारी (कार्मिक-संकार्य) ने की।सोरेन ने कामकाजी माताओं के लिए मातृत्व अवकाश और बाल देखभाल अवकाश के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये अवकाश केवल सुविधा का विषय नहीं हैं, बल्कि मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रस्तुति के दौरान नीना सिंह सोरेन ने सेल में महिला सशक्तिकरण को सक्षम बनाने के लिए एक नयी नीतिगत पहल की घोषणा की। नीना सिंह ने अपने समापन भाषण में सुश्री सोरेन की उनकी अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रस्तुति के लिए प्रशंसा की और दर्शकों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

प्रस्तुति में संकार्य प्रभाग समूह और कार्मिक विभाग की कुल 57 महिला अधिकारियों ने भाग लिया। कार्मिक विभाग की वरिष्ठ महिला अधिकारियों ने प्रस्तुति में उपस्थित सभी महिला अधिकारीयों के प्रश्नों का उत्तर दिया और मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल अवकाश, पितृत्व अवकाश और पॉश अधिनियम में नवीनतम विकास की बेहतर समझ के साथ प्रस्तुति को सम्पन किया।

# मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर दें : कर्मवीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि के तौर पर पूरे देश में जनसंपर्क अभियान चल रहा है, जो 30 मई से लेकर 30 जून तक होगी। जिसकी समीक्षा हेतु मंगलवार को झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री करमबीर सिंह ने बोकारो जिला जनसंपर्क अभियान के टोली एवं मंडल संयोजक के टोलियों के साथ बोकारो परिसदन में बैठक की। बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी मौजूद रहे।

संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक हर कार्यकर्ता को मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाना, जिसके लिए टोली बनाकर हर घर संपर्क अभियान बूथ स्तर पर शुरुआत करनी है, जिसमें जिले स्तर राज्य स्तर के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होंगे। 9 वर्ष की उपलब्धियों के तहत विधानसभा स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन प्रबुद्ध सम्मेलन तथा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 25 जून को काला दिवस 21 जून को योग दिवस तथा मन की बात बूथ स्तर पर करनी है। इसकी सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान की जिला टोली वह मंडल टोली अपने-अपने बूथ स्तर पर मंडल स्तर पर बैठक कर रूपरेखा तैयार करेंगे। साथी साथ आजीवन सहयोग निधि पर चर्चा की गई हर मंडल पर आजीवन सहयोग निधि की रसीद विभिन्न संयोजक को दी गयी। संगठन मंत्री ने कहा बोकारो जिला में बहुत से मंडलों में अब तक आजीवन सहयोग निधि का शुरूआत नहीं हुई है उसे जल्द से जल्द जिला टोली की ओर से बटवा कर शुरुआत की जाये।

घर-घर जनसंपर्क अभियान कर लोगों को मोदी सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं को उनके समक्ष बताना है, ताकि जरूरतमंद लोग वैसी योजनाओं का लाभ ले सके जो अब तक उस योजना से वंचित है। मोदी सरकार किसान युवा महिला बुजुर्ग हर वर्ग को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। बैठक में जनसन जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक जयदेव राय, सहसंयोजक संजय त्यागी सदस्य के रूप में कमलेश राय अनिल स्वर्णकार, सुरेंद्र राज चंद्रशेखर महथा, रामकिंकर पांडे दशरथ महतो भैरव महतो धीरज झा, रणविजय सिंह मौजूद थे।

### धनबाद में 155 युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र

# प्रधानमंत्री ने रोजगार देने का वादा किया था हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं : अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में धनबाद के 155 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद पशुपतिनाथ सिंह और धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद चयनित युवाओं को अतिथियों के हाथों नियुक्ति पत्र बांटे गये। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हेमंत सरकार पर खूब गरजीं। कहा कि केंद्र सरकार रोजगार एवं युवाओं को नयी दिशा देने में लगी है, जबकि झारखंड सरकार विकास हीन और दिशाहीन है। अभी तक कोई नीति ही नहीं बना पायी है और युवा स्थानीय नीति को लेकर आंदोलन पर है। झारखंड सरकार केवल अपना विकास कर रही है।

वहीं सांसद पीएन सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने काफी बेहतर काम किया है। इसका परिणाम दिख रहा है कि युवाओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है। खास करके लड़कियां घरों से निकल कर शिक्षा के क्षेत्र में नये नये आयाम के साथ कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की ऑनलाइन भाषण का सीधा प्रसारण भी किया गया। मौके पर टुंडी विधायज मथुरा महतो, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी इत्यादि मौजूद थीं।

# पैसे लेनदेन के विवाद में चचेरे भाई ने नाबालिग बहन को मारी गोली

**पुलिस की सक्रियता से पिस्टल के साथ कुछ घंटों में ही अपराधी गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार की दोपहर कतरास के भगत मुहल्ला में जमीन के पैसे विवाद में चचेरे भाई ने नाबालिग बहन को गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए कुछ घण्टों में ही आरोपी युवक को घटना के प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायल लड़की का इलाज धनबाद एसएनएमएमसीएच में चल रहा है।

**जमीन के पैसे का लेनदेन बना घटना का कारण :** बताया जा रहा है कि घटना का कारण जमीन के पैसे का लेनदेन है। इस बाबत आरोपी युवक के चाचा अजय गुप्ता ने बताया कि घर के समीप ही एक जमीन के राहुल के पिता और अजय ने पूर्व में बेचा था। जिस के बाद राहुल के पिता ने अपने हिस्से का 30 हजार रुपया जमीन खरीदने वाले से नहीं लिया था। थोड़े दिन बाद आरोपी युवक राहुल ने उक्त जमीन को किसी दूसरे व्यक्ति से दुबारा बेच दिया। पैसे के लेन देन को लेकर मंगलवार दोपहर दोनों के परिवारों के बीच विवाद हो गया इसी बीच राहुल ने पिस्टल निकाल कर उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियंका उर्फ निशा पर गोली चला दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के समय अजय बाजार में था। अजय के अनुसार उसका भतीजा राहुल अपराधिक प्रवर्ती का है और पहले भी जेल जा चुका है।

**पुलिस की सक्रियता से आरोपी युवक पिस्टल के साथ हुआ गिरफ्तार :** इधर घटना की सूचना मिलते ही कतरास थानेदार रणधीर सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तहकीकात शुरू कर दी। इसी कड़ी में पुलिस ने आरोपी युवक राहुल के परिजनों को उठाकर थाने ले आयी और सख्ती से पूछताछ करने लगी। पूछताछ के क्रम में ही राहुल के ठिकाने का पता चला और पुलिस ने उसे कुछ घण्टों में ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल युवक पर मामला दर्ज कर पुलिस उसे जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

### आजसू सुप्रीमो से मिले मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष, कहा

# डुमरी उपचुनाव में पार्टी ने मौका दिया तो छीन लेंगे सीट : जयलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सह प्रखंड के गुंजरडीह पंचायत के मुखिया जयलाल महतो उर्फ जैली ने आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो से मुलाकात कर डुमरी विधान सभा में होने वाली उपचुनाव को लेकर राजनीतिक विचार विमर्श करते हुए प्रत्याशी के रूप मे अपना दावा पेश कर एक मौका देने की मांग की। जिस पर सुप्रीमों ने पार्टी संगठन से विचार विमर्श व कार्यकर्ताओ की राय पर उचित विचार करने का भरोसा दिया।

जिलाध्यक्ष जयलाल महतो जैली ने कहा कि सुबे के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के अकास्मिक निधन से डुमरी विधानसभा रिक्त हो गया है जिसके लिए उपचुनाव होना भी निश्चित है। पिछले चुनाव में झामुमो ने जो भी चुनावी वादा किया था एक भी पुरा नही किया पुरे झारखंड मे स्थानीय नीति व नियोजन नीति को लेकर युवा पीढ़ी सड़कों पर आंदोलनरत है। क्षेत्र मे विकास के नाम पर ठेकेदारी की गई है। डुमरी नावाडीह के युवा आजसू पार्टी को निगाह भरी नजरों से देख रही है तथा युवा उम्मीदवार के होने से यह सीट झामुमो से छीनकर आजसू के झोली मे आ जायेगी। चुंकि शिक्षामंत्री के निधन के बाद कोई उनके परिवार मे राजनीतिक परिपक नही है पुत्र अखिलेश महतो जहां बच्चा बराबर है वही पत्नी बेबी देवी गृहणी तथा अनपढ है पार्टी कार्यकर्ता भी नाखुश है बीस वर्षो मे सिर्फ पांच लोग की दुकानदारी चली कार्यकर्ता व जनता की हालत जस की तस बनी हुई है ऐसी स्थिति में पार्टी एक मौका दी तो डुमरी मे पार्टी कार्यकर्ता व युवा वर्ग के आशीर्वाद से यह सीट आजसू के झोली मे देने का काम करूंगा। जैली ने कहा कि शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के कार्यकाल के दौरान उनके निजी आप्ति सचिव सह बांय हाथ कहा जाने वाले लोकेश्वर महतो को पंचायत चुनाव में भारी वोट से हराकर धुल चटा दिया हुं विधानसभा चुनाव मे पार्टी का सहयोग मिला तो उनके पुत्र अखिलेश महतो को भी पराजय का मुंह दिखा दूंगा। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नवीन कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# शिवम रवानी सह संयोजक नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** कतरास रेलवे कॉलोनी निवासी शिवम रवानी को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के धनबाद विभाग अंतर्गत बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया। गढ़वा के बेलचम्पा में आयोजित अभाविप के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में इनके नाम की घोषणा हुई। कतरास की धरती से इनके नाम की घोषणा होने पर कतरास के सभी कार्यकताओं में खुशी की लहर व उत्साह का भाव है। मंगलवार को इस खुशी में कतरास कॉलेज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य व सभी कर्मचारियों ने शिवम रवानी को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी अक्षय गुप्ता, कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, मंत्री सुशांत कुमार, भौतिकी विभाग संयोजक विवेक राज कर्मकार, मनोविज्ञान विभाग संयोजक पिंटू राज कर्मकार, कार्यकारिणी अनिकेत गुप्ता, भौतिकी विभाग संयोजक आलोक सिंहा, हिंदी विभाग संयोजक राहुल सोनी, आशीष पांडे, राहुल कुमार, ज्योति कुमारी, अनिशा, मनीषा, वंदना सिंह, रानी, छोटी, जयंती , अंजलि सिंह, पूजा सिंह, पिंकी, सुनीता, सुनीता उपस्थित थीं।

## ओड़िशा मोटर चालक और कर्मचारी कल्याण योजना-2023 को मिली मंजूरी

# दुर्घटना में चालक की मृत्यु होने पर परिजनों को मिलेंगे 4 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को ओड़िशा मोटर चालक एवं कर्मचारी कल्याण योजना-2023 को मंजूरी देते हुए कल्याण बोर्ड के गठन को मान्यता प्रदान की। जल संसाधन, वाणिज्य और परिवहन राज्य मंत्री टुकुनी साहू ने योजना का शुभारंभ किया।

मंत्री श्रीमती साहू ने सोमवार शाम को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सम्मेलन कक्ष में योजना का शुभारंभ करते हुए मीडिया प्रतिनिधियों एवं मोटर चालक संघ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कल्याणकारी योजना मोटर चालकों और अन्य मोटर जान कर्मचारियों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई है। इस योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार शुरूआत में बोर्ड को अनुदान देगी। बदले में, बोर्ड पंजीकरण शुल्क, वाहन मालिक के योगदान और अन्य स्त्रोतों से धन एकत्र करके योजना का संचालन करेगा।



मंत्री श्रीमती साहू ने आगे कहा कि चालक/कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर 80 हजार रुपये उनके द्वारा नामित व्यक्तियों को योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है. इसी तरह स्थायी रूप से विकलांग होने पर वाहन चालकों या कर्मचारियों को 1.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है ।

साथ ही प्राकृतिक मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये अनुग्रह राशि का प्रावधान है। राज्य सरकार की बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, मधुबाबू पेंशन योजना आदि के तहत मोटर वाहन चालक एवं कर्मी भी योग्यता आकार में पात्र होंगे। इस उद्देश्य के लिए गठित कल्याण बोर्ड में मोटर वाहन चालकों/कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ सरकारी सदस्य होंगे। मंत्री श्रीमती साहू ने कहा कि इस योजना के लागू होने से प्रदेश के 5 लाख से अधिक मोटर वाहन चालक एवं कर्मचारी लाभान्वित होंगे। अमिताभ ठाकुर राज्य परिवहन आयुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों और उपस्थित चालक/कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को योजना के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस मौरे पर वाणिज्य एवं परिवहन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नबीन पटनायक ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगे भत्तों में बढ़ोतरी की है। रज से पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इसकी घोषणा कर चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। यह जनवरी 2023 से लागू होगा। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता इस जून में वेतन के रूप में नकद में मिलेगा। इसके अलावा पेंशनभोगी के टीआई में भी चार फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। उन्हें यह बढ़ा हुआ टीआई भी उसी हिसाब से जून पेंशन में मिलेगा। इससे करीब साढ़े सात लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

## मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने की। इस दौरान धनवार विधानसभास्तरीय आठो मंडलों की आयोजित बैठक पर चर्चा की गयी। इसमें आदर्श कॉलेज के पास रिसोर्ट में बैठक आयोजित की जायेगी। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि होनेवाली बैठक में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता व धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। वहीं कार्यककर्ताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नौ वर्षों के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानंत्री गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मेक इन इंडिया, सेंट्रल विषय आदि शामिल है। इन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा किये गये कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया, ताकि सुदूरवर्ती गांवों के रहने वाले लोगों को यह जानकारी हासिल हो सके कि देश के प्रधानमंत्री देश और गरीबों के हित के लिए कितने सारे काम किये गया। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज भी मोदी के साथ है और आने वाले 2024 के चुनाव में जनता पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा को जीता कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के हाथों को मजबूत करेगी। आज 80 करोड़ जनता को मुफ्त में अनाज मिल रहा है। 10 करोड लोगों को शौचालय और प्रधान मंत्री आवास दिया गया है। 28 हजार गांवों में बिजली बहाल की गयी है। घर घर में नल जल योजना के तहत पीने का पानी मुहैया कराया जा रहा है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख मुहैया कराया गया है। हर दिन सैकड़ों किमी रेलवे लाइन बिछायी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री पूरी दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम है। यही सब कारणों से विपक्षी को पच नहीं रहा है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नकुल राय, भाजपा नेता पवन साव, शंभू अग्रवाल, युवा नेता उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, मुरलीधर यादव, सिकंदर पंडित, रोहित कुमार, विक्की कुमार, सूरज कुमार, नवल कुमार, राजकुमार यादव आदि कई लोग मौजूद थे।



## सोआ में विदेशी छात्रों के लिए ग्रेजुएशन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) में रविवार को अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले 36 विदेशी छात्रों को एक विशेष स्नातक समारोह में उनके डिग्री प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। सीरिया, युगांडा, भूटान और नेपाल के इन छात्रों ने सोआ में फार्मास्युटिकल साइंस, एग्रीकल्चरल साइंसेज और हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में अपनी 4 साल की पढ़ाई पूरी की है। विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो अमित बनर्जी ने छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद, परीक्षा नियंत्रक प्रो मंजुला दास, औषधि विज्ञान संकाय के डीन प्रो सुदाम चंद्र सी, प्रबंधन संकाय के डीन प्रो अनूप कुमार सामंतराय, कृषि विज्ञान संकाय के अतिरिक्त डीन प्रो संतोष कुमार राउत, छात्र मंगल डीन प्रो ज्योति रंजन दास और यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम निदेशक प्रो नचिकेता के शर्मा मौजूद थे। छात्रों का उतरीय देते हुए, प्रो बनर्जी ने अपनी पढ़ाई के लिए सोआ को चुनने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षा में सुधार हुआ है, क्योंकि हाल ही में भारत सरकार की रैंकिंग में उन्हें देश के विश्वविद्यालयों में 15वां स्थान मिला है। कुलपति प्रो नंद ने कहा कि उत्तीर्ण छात्रों सोआ का हिस्सा है और अपने देश में विश्वविद्यालय की पहचान बनायेंगे। प्रोफेसर नंद ने कहा कि ये छात्रों सोआ में स्नातकोत्तर अध्ययन भी कर सकते हैं। इसके जवाब में नेपाल की एक छात्रा जैनीब मुसीर ने कहा कि इराकी सोआ उनकी जीवन यात्रा में अविस्मरणीय स्मृति रहेगी। भले ही हमारी 4 साल की यात्रा आज समाप्त हो रही है, समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अभी शुरू हुई है। इस अवसर के लिए भारत सरकार और सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो मनोजरंजन नायक को धन्यवाद दिया। सीरिया के एक छात्र अहमद इस्कंदर ने भी उनका मार्गदर्शन करने के लिए सोआ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विदेशी होने के बावजूद भारत और ओडिशा के लोगों को दोस्ती दिखाने के लिए धन्यवाद दिया। प्रो शर्मा ने कहा कि ये छात्र अपने-अपने देशों में सोआ के प्रतिनिधि के तौर पर काम करेंगे। छात्र मंगल डीन प्रोफेसर दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उत्तर भारत में 5.4 तीव्रता का भूकंप

**नयी दिल्ली।** अमृतसर जम्मू-कश्मीर के डोडा में मंगलवार दोपहर 1:33 बजे 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर के अलावा पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किये गये। श्रीनगर में लोग दुकानों और घरों से बाहर आ गये।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर केमिकल टैंकर में आग, 4 की मौत, 3 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया, जिससे इसमें आग लग गयी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 3 घायल हैं। घटना दोपहर 12 बजे खंडाला बाईपास स्थिति एक फ्लाईओवर की है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चंद मिनटों में पूरा टैंकर जलकर खाक हो गया। इससे निकल रहा केमिकल फ्लाईओवर के नीचे तक गिर रहा था। केमिकल जहां-जहां पहुंचा आग वहां तक फैलती गयी।

हादसे के दौरान टैंकर में सवार दो लोग और फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रहे दो बाइक सवार आग की चपेट में आ गये, जिसके कारण उनकी मौत हो गयी। फ्लाईओवर के नीचे कुछ वाहन भी आग की चपेट में आये हैं। घायलों को सोमाटणे स्थित पवना अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद मुंबई और पुणे जाने वाले ट्रैफिक को पूरी तरह से रोक दिया गया। इससे कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गयी। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर फाइटर को बुलाया। आग पर काबू पा लिया गया है।

## बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा: संवेदनशील जगहों पर सेंट्रल फोर्स लगायें, बाकी जगह पुलिस तैनात हो: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेज की तैनाती का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस शिवगणमन और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिविजनल बेंच ने कहा कि चुनाव से पहले ही हिंसा की 12 घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए राज्य चुनाव आयोग उन सभी जिलों में सेंट्रल फोर्सेज लगाये जो संवेदनशील घोषित किये गये हैं। इसके अलावा जिन इलाकों में केंद्रीय बलों को तैनात नहीं किया जा सकता, वहां राज्य पुलिस सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाले। कोर्ट ने केंद्र सरकार को सेंट्रल फोर्सेज उपलब्ध कराने और उसका खर्च उठाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बेंच ने राज्य चुनाव आयोग को नामांकन दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने का फैसला राज्य चुनाव आयोग देखे।

**भाजपा और कांग्रेस ने लगायी थी याचिका :** दरअसल, पश्चिम बंगाल के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने 8 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पंचायत चुनाव के शेड्यूल का ऐलान किया था। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस ने दो जनहित याचिकाएं लगायी थीं। इसमें पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के कुछ हिस्सों को चुनौती दी गई थी। वहीं दूसरी याचिका में सेंट्रल फोर्स तैनात करने की मांग की गई थी। पंचायत चुनाव की तारीख बढ़ाने को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में 12 जून को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मतदान 8 जुलाई के बजाय 14 जुलाई को कराने का प्रस्ताव दिया था।

### एमआरएफ का शेयर 1 लाख रुपये का हुआ

**मुंबई।** भारत में टायर बनाने वाली सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी एमआरएफ यानी मद्रास रबर फैक्ट्री के शेयर्स ने इतिहास रच दिया है। एमआरएफ के स्टॉक ने मंगलवार को कारोबारी सत्र में एक लाख रुपये का रिकॉर्ड आंकड़ा पार कर लिया। ऐसा करने वाली एमआरएफ भारत की पहली कंपनी बन गयी है। स्टॉक ने ट्रेडिंग सेशन के दौरान 1,00,439.95 रुपए का इंट्राडे और 52 वीक हाई भी बनाया। एमआरएफ का शेयर 931.45 रुपये यानी 0.94% की बढ़त के साथ 99,900 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र की शुरुआत में इसका शेयर 99,150 रुपये पर ओपन हुआ था।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**